हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 29 मई 2025

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 25.1 डिग्री

12 नक्सलवाद के अंत की ओर बढ़ रहा है प्रदेश



14 प्रस्तावित एल-2 ट्रामा की जगह बदलने पर विचार...




# NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो कोचिंग फीस नहीं: PCI भिलाई

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए जुनुन बैच 2 जुन से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें NEET व JEE में चयन होने के बाद फीस लिया जाता है यदि चयन नही हुआ तो फीस नही लगेगा यह केवल 40 बच्चो के लिए ही है। क्योकि इस बैच में उच्च क्वालिटी के शिक्षक पढ़ायेंगे Zoology डॉ. सुदेश सर 15 वर्ष से अधिक अनुभव व कोटा के नामी शिक्षक है। बायोलॉजी में प्रत्येक वर्ष बहुत सारे छात्र शत प्रतिशत मार्क्स दिला रहे है और डॉ. रोहित सर जो एलेन कोटा में 15 वर्ष से अधिक अनुभव है वे इस बैच मे Botany पढायेंगें। केमेस्ट्री नितिन सर (IIT Delhi) व जे.पी. सिंह सर 20 वर्ष के अनुभव प्राप्त किए हुए शिक्षक पढायेंगे। फिजिक्स आजाद सर (IIT BHU) व आकाश सर (M.Tech) 12 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ायेंगे, गणित दिलीप सर (IIT BHU) 15 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ाएंगे जिसने देश के प्रतिष्ठित संस्थानो में कई बार 100 के अंदर रैंक दिए हुए है वे सब शिक्षक छात्रो को पढ़ाएंगे। छात्रो को प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास पढ़ाया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा लिया जाता है। स्टडी मेटेरियल, D.P.P. बच्चों को दिया जाता है। यहाँ रहने के लिए छात्रावास भी उपलब्ध है। हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं मे अच्छी रैंक हासिल करने के उम्मीद में कोचिंग फीस के रूप में एक बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ता है। जिसके बाद सलेक्शन की कोई गारंटी नहीं होती है। लेकिन अब PCI भिलाई से तैयारी करने वाले छात्रो को केवल NEET/JEE में सलेक्सन होने पर यानी NEET के छात्रो को शासकीय कॉलेज की सीट मिलने के बाद और JEE छात्रों को IIT/NIT कॉलेज में सीट मिलने के बाद ही फीस का भुगतान करना होगा। केवल यह 40 छात्रों के लिए ही उपलब्ध है यह कोचिंग सेंटर भिलाई में 177, 178, 179 न्यू सिविक सेंटर में संचालित है अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 788016887 पर संपर्क कर सकते हैं।

ADVT.


## खबर संक्षेप

### चेन स्नैचिंग का फरार आरोपी युवक गांजा के साथ गिरफ्तार



**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने एक आदतन बदमाश तथा चेन स्नैचिंग के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाख रुपए कीमत का 10 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने मूलतः बलौदाबाजार निवासी विशाल खेलावर उर्फ चिकू को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। विशाल के खिलाफ विधानसभा, पंडरी तथा कई अन्य थाना क्षेत्र में मारपीट सहित अन्य मामलों में अपराध दर्ज हैं।

### चाकू की नोक पर कैश, जेवर लूट का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** कबीर नगर थाने की पुलिस ने घर घुसकर नाबालिग को चाकू की नोक पर डरा धमकाकर कैश एक लाख रुपए सहित तीन लाख रुपए कीमत का दो सोने का हार लूट के आरोप में मोंटी उर्फ विशिष्ट जैन उर्फ गुलाम मोहम्मद गौस को गिरफ्तार किया है। मोंटी के खिलाफ नंद कुमार मेश्राम ने लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। नंद ने पुलिस को बताया है कि 17 मई को उसकी पत्नी बाजार गई थी। इस दौरान मोंटी ने घर घुसकर उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर लूट की।

### चाय ठेला में लगी आग



**रायपुर।** मेडिकल कांपलेक्स परिसर स्थित एक चाय ठेला में बुधवार रात आग लगने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। घटना रात साढ़े बजे की बताई जा रही है। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार किसी गोल्डी नाम के व्यक्ति के चाय तथा नाश्ता ठेला में आग लगी थी।

### सोशल मीडिया में अश्लीलता 60 साल का बुजुर्ग गिरफ्तार

**रायरपुर।** खमतराई थाने की पुलिस ने दिल्ली साइबर सेल की सूचना पर एक 60 साल के बुजुर्ग को छोटी बच्चियों तथा महिलाओं के अश्लील वीडियो, फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया में छोटी बच्ची तथा महिलाओं की अश्लील सामग्री पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने उरकुरा निवासी सुरेंद्र कुमार पटेल को गिरफ्तार किया है।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक थाने की पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर मारपीट करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। लाखे नगर पटाखा दुकान में काम करने वाले अजय कुमार की शिकायत पर पुलिस ने ईदगाह भाठा निवासी शेख जुबेर को गिरफ्तार किया है। अजय ने शिकायत दर्ज कराई है कि पांच दिन पूर्व 24 मई को वह रात साढ़े आठ बजे अपने घर जा रहा था। इस दौरान शेख जुबेर तथा उसके साथी बब्बू काली, बीडी बाबू ने उससे शराब पीने पैसों की मांग की।

# बादलों का घेरा 90 फीसदी पर बूंदाबांदी तक ही सीमित, उमस ने कर रखा हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी सहित विभिन्न हिस्सों में बने सिस्टम की वजह से राजधानी के ऊपर बादलों का 90 फीसदी घेरा है। सोमवार को आधे घंटे में जोरों के साथ बरसे बादल आज बूंदाबांदी तक सीमित रह गए। बंगाल की खाड़ी में जिस तरह का सिस्टम बना है, उससे अगले तीन दिन में मानसून के शहर सहित मध्य हिस्से में पहुंचने की उम्मीद है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार मानसून की चाल काफी तेज है। वैसे तो रायपुर तक मानसून पहुंचने की सामान्य तारीख 15 जून है, मगर इस बार मानसून के अगले दो तीन दिन में रायपुर पहुंचने की घोषणा की जा सकती है। मानसून को आगे बढ़ाने वाला सिस्टम काफी प्रबल है। शहर में पिछले तीन दिन से हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। मंगलवार को तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया था। बुधवार को शहर के ऊपर घने बादल छाए रहे, मगर इसके अच्छी तरह बरसने की स्थिति नहीं बन पाई। दोपहर बाद कुछ इलाकों में बूंदाबांदी जरूर हुई। बादल छाने की वजह से रायपुर का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री पर सिमटा रहा।

### तीन दिन में मानसून के शहर पहुंचने की उम्मीद



#### नवतपा के तीसरे दिन तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 35.6 | -6.5 |
| बिलासपुर | 36.6 | -6.6 |
| पेंड्रा | 34.9 | -4.9 |
| अंबिकापुर | 34.3 | -6 |
| जगदलपुर | 31.3 | -6.6 |
| दुर्ग | 36.6 | -6.4 |

#### अच्छी बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस बार भू-मध्य प्रशांत महासागर में अल-नीनो की स्थिति बनी हुई है। इसके प्रभाव से देश में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना जताई गई है। माना जा रहा है कि इस बार भी मानसून की विदाई तक रायपुर समेत प्रदेश में कोटा पूरा होने का अनुमान है। पिछली बार भी रायपुर में कोटे से अधिक बारिश हुई थी।

## घटना शहर के व्यस्ततम मार्ग जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन के पास

# बांस के सहारे रिलायंस डिजिटल में घुसा चोर और ले उड़ा 11 लाख के आईफोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के व्यस्ततम मार्ग जीई रोड अनुपम गार्डन स्थित रिलायंस डिजिटल स्टोर में अज्ञात चोर ने 11 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के 17 आईफोन पर हाथ साफ कर दिया। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें चोर डिजिटल स्टोर के पास बिल्डिंग के बांस के सहारे पहली मंजिल पर चढ़ता है। इसके बाद कांच को तोड़कर स्टोर के अंदर प्रवेश कर ग्राउंड फ्लोर पहुंचकर रैक में रखे मोबाइल फोन झोले के अंदर डालकर ले जाता है। मामले की जांच सरस्वती नगर तथा क्राइम ब्रांच पुलिस कर रही है।

- सरस्वती नगर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी

डिजिटल स्टोर के डिपार्टमेंट मैनेजर सोमनाथ लसेर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मैनेजर ने पुलिस को बताया है कि 25-26 मई की दरमियानी रात डेढ़ से दो बजे के बीच ▶▶| शेष पेज 13 पर











### इसलिए बांस के सहारे बिल्डिंग में प्रवेश

पुलिस ने चोरी को लेकर आशंका व्यक्त की है कि मेन गेट से अंदर दाखिल होने पर सिक्यूरिटी अलार्म बज सकता था। इसलिए शातिर ने डिजिटल स्टोर से सटे एक अन्य रिलायंस का शोरूम जहां रिपेयरिंग का काम चल रहा है, उस शोरूम के ऊपर से नीचे तक बांस लगा हुआ है। शातिर इसका फायदा उठाते हुए जिस शोरूम में रिपेयरिंग का काम चल रहा है, उस शोरूम के बांस की मदद से डिजिटल स्टोर की पहली मंजिल में प्रवेश कर सीढ़ी के सहारे ग्राउंड फ्लोर पहुंचकर चोरी की।

### घटना स्थल पर मिली संदिग्ध दोपहिया चोरी की निकली

घटना स्थल के पास पुलिस को एक सफेद एक्टिवा संदिग्ध हालत में मिली। नंबर की पड़ताल करने पर उसके चौबे कालोनी से चोरी होने की जानकारी मिली। चोर जिस एक्टिवा में चोरी करने पहुंचा था, उस एक्टिवा की पुलिस को स्टोर रूम में चाबी मिली है। आशंका जताई जा रही है, हड़बड़ी में चोर के जेब से चाबी गिर गई होगी, इसलिए वह एक्टिवा को वहीं छोड़ फरार हो गया होगा।

### काले रंग की ड्रेस मास्क पहनकर पहुंचा था

जहां चोरी की घटना हुई है, वहां चोर अपनी पहचान छिपाने काले रंग की ड्रेस के साथ सिर के साथ चेहरे को काले रंग के मास्क के साथ ढका हुआ था। ऐसी ही एक घटना में दो नकाबपोश चोरों ने मौदहापारा थाना क्षेत्र के एक उपभोक्ता भंडार में प्रवेश कर नकदी ढाई लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिया था। पुलिस उस मामले में भी अब तक चोरों के बारे में किसी तरह से सुराग नहीं ढूंढ पाई है।

### महंगे चोरी के मोबाइल का नेपाल बड़ा मार्केट

*पुलिस ईएमआई नंबर के आधार पर चोरी के आईफोन का आसानी से पता लगा सकती है। शातिर ने जहां चोरी की घटना की है, उसने उस स्टोर से किसी अन्य मोबाइल के साथ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को हाथ तक नहीं लगाया है। शातिर ऐसे नए चोरी के आईफोन के साथ मोबाइल को नेपाल में खपा देते हैं। ऐसे में चोर को पकड़ना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है।*

### चोर के पकड़े जाने की चर्चा

*सूत्रों के अनुसार रिलायंस डिजिटल में आईफोन चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चोरी का माल बरामद होने के बाद पुलिस इस मामले में खुलासा कर सकती है। पुलिस ने चोर को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।*

## विलंब शुल्क के साथ 19 तक मौका

# 12वीं की पूरक परीक्षा सिर्फ एक दिन, 10वीं के लिए जारी होगी समय-सारिणी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 15 जुलाई से कक्षा 10वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा और 15 जुलाई को कक्षा 12वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा आयोजित करेगा। कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों के लिए पूरक परीक्षाओं के लिए आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 30 मई से शुरू होगी। कंपार्टमेंट परीक्षा 2025 का टाइम टेबल जल्द ही जारी किया जाएगा। दसवीं की कंपार्टमेंट परीक्षा पृथक-पृथक दिनों में आयोजित होगी, जबकि 12वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा केवल एक दिन 15 जुलाई को होगा। प्राइवेट छात्र आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in. पर कम्पार्टमेंट या सुधार परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं, जबकि नियमित छात्रों के आवेदन उनके संबंधित स्कूलों द्वारा जमा ▶▶| शेष पेज 13 पर

### प्रत्येक विषय के लिए 300 रुपए

अभ्यर्थियों को प्रत्येक विषय के लिए 300 रुपए जमा करने होंगे। भारत से बाहर के अभ्यर्थियों को प्रति विषय 1000 रुपए का भुगतान करना होगा तथा नेपाल के अभ्यर्थियों को 1000 रुपए जमा करने होंगे। देरी से आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पत्र भरने का शुल्क 2000 रुपए है। सीबीएसई के आधिकारिक नोटिस के अनुसार, जो छात्र सीबीएसई 2023-24 परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे और पहले या दूसरे मौके में कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त नहीं कर पाए थे, वे केवल निजी उम्मीदवारों के रूप में तीसरी कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

## पिछले चार महीने से नहीं हुआ अंगदान...

# किडनी-लिवर के जरूरतमंदों की वेटिंग पहुंची 191



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

लगातार कोशिशों के बाद भी ब्रेनडेड होने वाले मरीजों के अंगदान करने के मामले में लोगों में पूरी तरह जागरूकता नहीं आ पाई है। अंगदान को लेकर फैली भ्रांतियां कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पिछले चार माह से प्रदेश में अंगदान के लिए कोई परिवार सामने नहीं आया है।

अंतिम बार फरवरी की शुरुआत में सड़क हादसे में ब्रेनडेड आर्यंश नामक छात्र का अंगदान किया गया था। दूसरी ओर राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण के पास पेंडिंग आवेदनों की संख्या 191 हो गई है। इसमें किडनी के 165 जरूरतमंद और लिवर के 26 मरीज शामिल हैं।

अंगदान जीवनदान है... इस बात को लोगों को समझाने में राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण की टीम को बड़ी कामयाबी नहीं मिल पाई है। दो से तीन महीने में उनकी कड़ी मशक्कत के बाद ही कोई परिवार ब्रेनडेड ▶▶| शेष पेज 13 पर

**फरवरी की शुरुआत में हुआ था अंतिम अंगदान, ज्यादा आवेदन किडनी वाले**

### अब तक प्रत्यारोपण

- 21 किडनी और 6 मरीजों को जिगर (लिवर) प्रत्यारोपित किया गया।
- 14 लोगों ने त्वचा दान की जिससे कास्मेटिक अथवा प्लास्टिक सर्जरी मददगार साबित हुई।
- 14 कार्निया के माध्य लोगों के जीवन का अंधकार खत्म हुआ।
- 5 दानदाताओं के हृदय के वाल्व से कई हृदय रोगियों की शल्यक्रिया में मदद मिली।

### हार्ट ट्रांसप्लांट की तैयारी

राज्य के शासकीय अस्पतालों में किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा प्रस्तावित है। वहीं एम्स में लिवर प्रत्यारोपण के साथ हार्ट ट्रांसप्लांट की तैयारी भी शुरू की जा चुकी है। इसके लिए चिकित्सकों को दूसरे राज्यों में ट्रेनिंग के लिए भेजा जा चुका है। इसके अलावा मरीजों की सुविधा के लिए वहां अलग से ट्रांसप्लांट यूनिट भी तैयार की जा रही है।

### 1 जून को रद्द रहेगी विशाखापत्तनम पैसेंजर ट्रेन



**रायपुर।** ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर मंडल में नेल्लीमारला-गारिविडी और विजयनगरम यार्ड के बीच ऑटो-सेक्शन के कमीशनिंग के एनआई कार्य के दौरान कोचिंग ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया। इस वजह से 58528 विशाखापत्तनम - रायपुर पैसेंजर और 58527 रायपुर-विशाखापत्तनम पैसेंजर रद्द रहेगी। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए 17005/17006 हैदराबाद-रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। अतिरिक्त स्लीपर कोच की यह सुविधा 29 मई को हैदराबाद से और 1 जून को रक्सौल से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी।

## राशन दुकान एवं कार्डों के भौतिक सत्यापन में सामने आया आंकड़ा

# मौत के बाद नहीं कटे नाम, सैकड़ों कार्ड धारक मृतकों के कोटे का उठा रहे राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जारी किए गए राशन कार्डों में पिछले सालभर में दस हजार से अधिक सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है। इनमें कई सदस्यों की मृत्यु हुए एक-दो हफ्ते नहीं, बल्कि कई महीने भी बीत चुके हैं, लेकिन इन मृत सदस्यों के नाम कार्ड से कटवाए नहीं गए हैं। इस तरह मृत्यु के बाद भी उस कार्ड के अन्य सदस्य मृतक के कोटे का राशन उचित मूल्य की दुकान से हर महीने उठा रहे हैं। खाद्य विभाग ने एक महीने पहले राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया है। इस सत्यापन के दौरान राशन दुकानों के संचालकों से उनकी दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों के जीवित और मृत सदस्यों का आंकड़ा सामने आया है। इसके बाद विभाग ने मृत सदस्यों के नाम कटवाने की प्रक्रिया शुरू करा दी है।

### मृतक सदस्यों के नाम काटने की प्रक्रिया शुरू



### सालभर में 10361 मृत मिले सदस्य

खाद्य विभाग ने उचित मूल्य दुकानों के संचालकों को निर्देश दिए थे कि सभी दुकानों में पंजीकृत प्रत्येक कार्ड के कुल सदस्यों में किन-किन सदस्य की मृत्यु हो चुकी है, इसकी जानकारी एकत्र कर विभाग को दें। इस निर्देश के तहत राशन दुकान संचालकों ने पंजीकृत कार्डों के सदस्यों में मृतकों की जानकारी एकत्र की है। इसके तहत सालभर में जिले में 10361 सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है, जिनमें से बहुत कम कार्ड धारकों ने मृत सदस्यों के नाम कार्ड से कटवाए हैं। नाम नहीं कटवाने के कारण मृत सदस्यों के कोटे का राशन भी दुकानों में हर महीने कार्ड धारकों को वितरण किया जा रहा है।

### ई-केवाईसी के दौरान ऑटोमैटिक ब्लॉक हुए थे सैकड़ों मृत सदस्यों के नाम

*केंद्र सरकार ने राशन दुकानों में सामग्री वितरण में पारदर्शिता बनी रहे तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसे देखते हुए ही ई-केवाईसी सिस्टम शुरू किया है। कोरोनाकाल के दौरान जिले में भी बड़ी संख्या में कई सदस्यों की भी मृत्यु हुई थी, जिनके नाम कार्ड से न ही हटाए गए थे और न ही कार्ड धारक या उनके अन्य सदस्यों ने नाम कटवाने के लिए आवेदन किए थे। ईकेवाईसी सिस्टम शुरू होने के बाद मृत सदस्यों के नाम भी ऑटोमैटिक ब्लॉक हो गए, क्योंकि केवाईसी के दौरान हितग्राही को* ▶▶| शेष पेज 13 पर

### चालू माह में सभी मृत सदस्यों के नाम हटा दिए जाएंगे

*भौतिक सत्यापन में जिले में जारी राशन कार्डों में 10 हजार से अधिक सदस्यों की मृत्यु होना पाया गया है। इन सभी मृत सदस्यों के नाम कार्ड से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। चालू माहांत तक सभी नाम हटा दिए जाएंगे।*

*- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर*

# बाइक को आठ किलोमीटर तक घसीटता रहा कार चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक कार के बंपर में फंसी बाइक कई किलोमीटर दूर तक घिसटती दिख रही है। इस संबंध में पुलिस ने पुष्टि करते हुए कहा कि कार चालक बाइक को ठोकर मारने के बाद रुकने के बजाय कार के बंपर में फंसी बाइक को आठ किलोमीटर तक घिसटते हुए सिविल लाइंस थाना से माना थाना क्षेत्र तक ले गया। इस बीच बाइक से चिंगारी भी निकलती रही। सिविल लाइंस में सूरज निषाद ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह 25 मई को पंडरी मटन मार्केट से गुजर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। इससे वह उछलकर दूर जा गिरा और उसकी ▶▶| शेष पेज 13 पर


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# सीएम साय बोले- बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

## युक्तियुक्तकरण के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और छात्र-केंद्रित बनाने की दिशा में ठोस कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट स्वरूप प्रदान करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता से लागू करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के पीछे शिक्षा विभाग की वह समीक्षा रिपोर्ट है, जिसमें राज्यभर के सरकारी स्कूलों में संसाधनों के असमान वितरण की गंभीर स्थिति सामने आई है। मुख्यमंत्री ने कहा, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सशक्त करने का अभियान है। उन्होंने कहा, हम उस व्यवस्था की नींव रख रहे हैं, जहां शिक्षक और छात्र दोनों अपनी सही जगह पर हों। युक्तियुक्तकरण इस परिवर्तन की वह कुंजी है, जो वर्षों की उलझनों को सुलझाएगी और शिक्षा को नई ऊंचाई देगी। दूसरी ओर राज्य



के अनेक दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में वर्षों से शिक्षक संकट की स्थिति बनी हुई है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवारपुर में विषयवार शिक्षक न होने के कारण वर्ष 2024-25 में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम महज 40.68 प्रतिशत रहा, जो राज्य औसत से बहुत कम है। मुख्यमंत्री जब कुंवारपुर प्रवास पर थे, तब ग्रामीणों ने उनके समक्ष शिक्षक नियुक्तियों की मांग पुरज़ोर ढंग से रखी। ग्रामीणों ने कहा कि गणित, विज्ञान और अंग्रेज़ी जैसे विषयों के लिए वर्षों से शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे विद्यार्थियों की शिक्षा पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि जहां शिक्षक अनुपयोगी रूप से पदस्थ हैं, वहां से उन्हें शीघ्रता से जरूरतमंद स्कूलों में भेजा जाए। उन्होंने कहा, शिक्षक वहीं तैनात हों जहां छात्र हैं, यही सुशासन की प्राथमिक शर्त है।

### स्कूलों की जरूरत ही प्राथमिक आधार

मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने तुरंत युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को सक्रिय किया है, जिसमें पारदर्शिता, मानवीय दृष्टिकोण और स्कूलों की जरूरत को प्राथमिक आधार बनाया गया है। इस कदम से एक ओर शिक्षकविहीन स्कूलों को शिक्षक मिल सकेंगे, वहीं दूसरी ओर छात्रविहीन विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना को रोका जा सकेगा। यह पुनर्संरचना शिक्षा प्रणाली को संतुलित, कुशल और परिणामोन्मुखी बनाएगी। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय समय की मांग है। यदि इसे निष्पक्षता और डेटा-आधारित पद्धति से लागू किया जाए, तो छत्तीसगढ़ की शिक्षा प्रणाली देश में एक आदर्श मॉडल बन सकती है।

### शिक्षा को समावेशी बनाने की पहल

छत्तीसगढ़ सरकार का युक्तियुक्तकरण का निर्णय महज़ व्यवस्थागत सुधार नहीं, बल्कि शिक्षा को सार्थक और समावेशी बनाने की ऐतिहासिक पहल है। यह उस सोच का प्रतिबिंब है जो कहती है, शिक्षा वहां शुरू होती है, जहां शिक्षक और छात्र दोनों उपस्थित हों– एक उत्तम उद्देश्य के साथ स्वर्णिम भविष्य की ओर अग्रसर होते हुए, इस प्रेरणा के साथ कि हर पाठशाला देश की अगली पीढ़ी का निर्माण स्थल है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने वीर सावरकर को किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा, वीर सावरकर का संपूर्ण जीवन मातृभूमि की सेवा और राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए समर्पित था। वीर सावरकर न केवल आज़ादी की लड़ाई के अग्रणी योद्धा थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक, इतिहासकार, लेखक और दूरदर्शी राजनेता भी थे। उन्होंने सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध आवाज़ उठाई और आधुनिक भारत के निर्माण की आधारशिला रखी।

### राज्यपाल ने जंगलवार कॉलेज का किया निरीक्षण

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने कांकेर जिले के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन आज सिंगारभाट स्थित 'काउंटर टेरेरिज्म एंड जंगल वारफेयर' महाविद्यालय में पहुंचकर जवानों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की बारीकियों की जानकारी ली। इस दौरान जवानों के अभ्यास का लाइव डेमो देखा और उनका उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल महाविद्यालय में स्थित म्यूजियम में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख माओवादी घटनाक्रम से अवगत हुए। इसके अलावा राज्यपाल ने जंगलवार कॉलेज का भ्रमण कर विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों में प्रशिक्षार्थियों के द्वारा अभ्यास का डेमो देखा।

### युक्तियुक्तकरण के विरोध में उतरी एनएसयूआई



रायपुर। तेलीबांधा में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने युक्तियुक्तकरण के खिलाफ काले शर्ट पहनकर प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि इससे शिक्षा के स्तर में गिरावट आएगी। तेलीबांधा से गुजर रहे मुख्यमंत्री के काफिले के सामने छात्रों ने यह प्रदर्शन किया। इस दौरान कुणाल दुबे, पुनेश्वर लहरे, अनुज शुक्ला, गावेश साहू, रजत ठाकुर, ओज प्रकाश पांडे सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नक्सलवाद के अंत की ओर बढ़ रहा है प्रदेश

राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक से पहले अभाविप का 'नागरिक सत्कार कार्यक्रम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक आज से 31 मई तक आयोजित की जा रही है। इसके पूर्व बुधवार को एबीवीपी द्वारा नागरिक सत्कार कार्यक्रम रखा गया। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक न केवल युवाओं की ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति को दिशा देने का कार्य कर रही है, बल्कि यह नक्सलवाद, स्वदेशी शिक्षा, आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चिंतन का मंच बन रही है।

उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ अब नक्सलवाद के अंत की ओर बढ़ रहा है और युवाओं की भागीदारी से राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प और भी मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने परिषद के शिक्षा के स्वदेशीकरण, मातृभाषा में पठन-पाठन और जनजातीय अस्मिता के संरक्षण हेतु प्रयासों की सराहना करते हुए युवाओं से एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

समारोह में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव, मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, संजय श्रीवास्तव, सलीम राज भी मौजूद रहे।




### छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक

इंदिरा गांधी कृषि विवि के सभागार में इस नागरिक अभिनंदन समारोह में श्री पाटेश्वर धाम बालोद के संत बालयोगेश्वर रामबालक दास महात्यागी, अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.वीरेंद्र सिंह सोलंकी, स्वागत समिति के अध्यक्ष नितिन गौरीशंकर अग्रवाल, सचिव धवल शाह, अभाविप छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अमित बघेल, प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम में रायपुर के कई गणमान्य नागरिक, व्यवसायी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली।

### ऑपरेशन सिंदूर हमारी राष्ट्रीय संकल्पशक्ति का परिचायक

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत ने आतंकवाद को जो सटीक प्रतिकार दिया, वह हमारी राष्ट्रीय संकल्पशक्ति का परिचायक है। आज विद्यार्थी परिषद कैंपस की समस्याओं के साथ-साथ समाज की समस्याओं के निदान में भी प्रमुख भूमिका निभा रहा है। विद्यार्थी परिषद की यात्रा अपने 77 वें वर्ष में है। यह यात्रा देश के हजारों युवाओं को प्रेरणा देने वाली तथा उन्हें जीवन में एक नई दिशा दिखाने वाली रही है। छात्र दिनों में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रहे लोग आज समाज जीवन में अनेक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं।

### पांच बिंदुओं पर चर्चा

29 मई से प्रारंभ होकर तीन दिनों तक चलने वाली बैठक में देश के सभी राज्यों से आए 478 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस दौरान शिक्षा, पर्यावरण, आंतरिक सुरक्षा, वैश्विक भारत के संबंध और समसामयिक विषयों पर चर्चा होगी। इसमें कोचिंग संस्थाओं द्वारा ली जा रही मनमानी फीस, विश्वविद्यालयों में कुलपति के रिक्त पद भी शामिल हैं। विद्यार्थी परिषद की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा भी इसमें तय होगी। रायपुर एक दशक से भी अधिक समय के बाद इस राष्ट्रीय बैठक की मेजबानी मिली है। बैठक को खास बनाने के लिए एबीवीपी द्वारा कई नीतियां भी पूर्व में ही निर्धारित कर ली गई है। इसमें जीरो फूड वेस्ट पॉलिसी, नो प्लास्टिक यूज सहित कई तरह की चीजें शामिल हैं। कार्यकर्ताओं को इसके लिए पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है। शिक्षा संबंधित कई अहम मुद्दे इस बैठक का हिस्सा रहेंगे।

# कृषि मंत्री नेताम ने कहा- एक देश-एक कृषि एक टीम की अवधारणा को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने गुरुवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह कृषि क्षेत्र में प्रधानमंत्री के "लैब टू लैण्ड" मंत्र को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह एक देश-एक कृषि-एक टीम की अवधारणा को मजबूती देगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के इस अभियान की छत्तीसगढ़ में शुरुआत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भैंसा से करेंगे। उन्होंने बताया कि कृषि कार्यों के लिए प्रत्येक राज्य की अपनी खरीफ-पूर्व तैयारियां होती हैं। इनसे बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए राज्य की तैयारियों एवं इस अभियान को एकीकृत किया जा रहा है। अभियान के मुख्य उद्देश्यों में क्षेत्र विशेष में प्रमुख खरीफ फसलों की



आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में किसानों को जागरूक करना है। किसानों के लिए लाभकारी विभिन्न शासकीय योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी प्रसारित करना। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग को प्रचारित करना, ताकि सूक्ष्म पोषक तत्वों सहित उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए किसानों द्वारा उचित निर्णय लिया जा सके। रासायनिक उर्वरकों के विवेकपूर्ण और उचित उपयोग के बारे में जागरूकता तथा जमीनी स्तर पर नवाचारों के बारे में किसानों से फीडबैक एकत्र कर उसके अनुसार अनुसंधान की प्राथमिकताओं का निर्धारण करना शामिल है।

### राज्य के 33 जिलों में 2600 स्थानों पर कार्यक्रम

अभियान का कियान्वयन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा राज्य शासन के कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। यह अभियान छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त 33 जिलों में चलाया जाएगा, जिसमें कुल 100 दलों द्वारा 2,600 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक जिले में 3 दलों का गठन होगा तथा प्रत्येक दल एक दिन में दो स्थानों पर कार्यकम आयेजित करेगा।

# 'चावल उत्सव' में राशनकार्डधारी परिवारों को एकमुश्त मिलेगा तीन माह का चावल

1 से 7 जून तक मनाया जायेगा चावल उत्सव
81 लाख से अधिक को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 1 से 7 जून तक 'चावल उत्सव' आयोजित किया जाएगा। उत्सव के दौरान प्रदेश के 81 लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई एवं अगस्त तीनों माह का चावल एकमुश्त वितरित किया जाएगा। राज्य शासन ने इस उद्देश्य से प्रदेश की 13,928 उचित मूल्य दुकानों को चावल का आबंटन जारी कर दिया है। सभी दुकानों में चावल का भण्डारण कार्य तेजी से जारी है, ताकि वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। इससे दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों तक समय पर खाद्य उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। राज्य खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 1 जून से 7 जून तक चावल उत्सव के दौरान सभी उचित मूल्य दुकानों से चावल का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर दुकानों में वितरण संबंधित जानकारी का प्रदर्शन अनिवार्य किया गया है। सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि चावल वितरण की सूचना स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रचार माध्यमों से व्यापक रूप से प्रसारित की जाए, जिससे प्रत्येक लाभार्थी तक यह जानकारी सुगमता से पहुंचे और वितरण पारदर्शी रहे। खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने बुधवार को 'चावल उत्सव' की तैयारी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों, खाद्य अधिकारियों एवं नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि प्रत्येक उचित मूल्य दुकान में समय से पूर्व चावल का समुचित भण्डारण सुनिश्चित किया जाए।

### बरसात में पहुंच विहीन 249 उचित मूल्य की दुकानों में भंडारण के निर्देश

खाद्य सचिव ने कहा कि इस समग्र प्रक्रिया का उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और लाभार्थी की सुविधा को सुनिश्चित करना है। विभाग द्वारा तकनीक का प्रभावी उपयोग भी सुनिश्चित किया जा रहा है। मानसून के दौरान प्रदेश की 249 ऐसे उचित मूल्य दुकानें, जो वर्षा ऋतु में पहुंचविहीन हो जाती हैं, उनके लिए भी विशेष तैयारी की गई है। जून में ही इन दुकानों में अग्रिम चावल भण्डारण की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वर्षाकाल में भी राशन वितरण जारी रह सके।

# कुम्हारी टोल प्लाजा बना अवैध वसूली का अड्डा

रायपुर। कुम्हारी टोल नाके की अनियमिताएं एवं अवैध वसूली के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। मामले में ना ही राज्य सरकार ने कोई सार्थक कदम उठाया है, ना ही केंद्र इस अवैध वसूली को लेकर गंभीर है। पूरे प्रकरण में आज कांग्रेस नेता पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एवं जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज शर्मा एवं कन्हैया अग्रवाल ने संयुक्त रूप से संवाददाताओं से चर्चा में बताया कि कांग्रेस आगे आंदोलन तेज करेगी। रायपुर से दुर्ग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-53 पर संचालित कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर जन आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। केवल 54 किलोमीटर की दूरी में तीन टोल प्लाजा हैं। इनमें मंदिर हसौद, कुम्हारी और दुर्ग में संचालित हो रहे हैं, जो भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। दो




टोल प्लाजा के बीच कम से कम 60 किलोमीटर की दूरी अनिवार्य की गई है। बताया गया है कि कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर, जिसकी वैधानिक वसूली अवधि समाप्त हो चुकी है, स्थानीय निवासियों, खासकर रायपुर के टाटीबंध और कुम्हारी नगर निगम क्षेत्र के लोगों को प्रतिदिन भीषण ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार 1 से 2 घंटे तक यात्री जाम में फंसे रहते हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मुद्दे को कई बार केंद्र सरकार और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समक्ष उठाया गया है।









## खबर संक्षेप

### आर्यन ने 12वीं की परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक हासिल किया



धरसींवा। विकासखंड के ग्राम परसतराई के छात्र आर्यन चंद्रवंशी ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। देवेन्द्रनगर,रायपुर के आदर्श स्कूल में पढ़ाई करने वाले आर्यन ने 12वीं की परीक्षा में 93.8% अंक हासिल किए हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल परिवार पूरे गांव, के लिए गौरव की बात है। सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिवार जन को दिया है। आर्यन, भूपेन्द्र कुमार चंद्रवंशी और रंजना चंद्रवंशी के सुपुत्र है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर चंद्रवंशी परिवार और पूरे परसतराई खुशी का माहौल व्याप्त है। आर्यन अपने लिए एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। वे चार्टर्ड अकाउंटेंट C. A. बनना चाहता हैं ।

### अभनपुर अस्पताल में डेंटल चेयर व शव फ्रीजर की मांग



अभनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अभनपुर मे डेंटल चेयर एवं मरचुरी बाक्स के लिए फ्रीजर प्रदाय हेतू स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी द्वारा मांग किया गया है,बलविंदर ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अभनपुर नेशनल हाईवे 30 एवं 130 पर स्थित है। यहां आये दिन सड़क दुर्घटनाये होती रहती है तथा कई व्यक्तियों की जान चली जाती है इस स्थिती में अस्पताल में शव मे रखने के लिए कोई व्यवस्था नही है। कभी-कभी अज्ञात शवो को कई दिनो तक रखना पड़ता है। जिसके लिए फ्रीजर की अत्यंत्न आवश्यकता होती है। इस अत्यन्त गंभीर विषय को विधायक की अनुशंसा के साथ स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान मे लाया गया है। इसी तरह डेंटल चेयर की आवश्यकता है। प्रतिदिन यहां डेटल ओपीडी 25 से 30 की संख्या मे रहती है और सुविधा के विस्तार की जरूरत है स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की इन सुविधाओ को अत्यन्त आवश्यक मानते हुये शीघ्र पूरा करने का आश्वसन दिया है ।

### भिलाई में मनाया कबीर का प्राकट्य दिवस

आरंग। सोमवार को कबीर कल्याण आश्रम भिलाई में सदगुरू कबीर साहेब का प्राकट्य दिवस मनाया गया। जिसमें कबीर के विचारों पर संतो ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर कबीर आश्रम कोलियारी भखारा से संत अवध साहेब ने कबीर के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा संत कबीर मानवता के पुजारी थे। छूआछूत, जात-पात आडंबरवाद को उन्होंने दूर किया तथा अपने जीवन काल में मानव मात्र को एक समान बताया है।

**आयोजन :** मंत्री टंकराम ने कहा- समस्याओं का हो रहा निराकरण

# सुशासन शिविर में मिली राहत, अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा



तिल्दा ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम पंचायत किरना में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्री टंक राम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा, शैल साहू, सरपंच जनार्दन वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण व ग्रामीणजन उपस्थित हुए। मंत्री टंक राम वर्मा ने अपने उद्बोधन में सुशासन तिहार की प्रशंसा कर कहा कि सुशासन तिहार के बाद समाधान शिविर में आम जनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की भाजपा सरकार की भी प्रशंसा की। वहीं सबसे ज्यादा शिकायत अवैध शराब बिक्री की रही जहां पर मंत्री ने खुले मंच से कहा कि आबकारी विभाग और पुलिस विभाग को इस ओर ध्यान देनेके लिए कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सबसे ज्यादा शिकायत अवैध शराब बिक्री की है और आबकारी अमला, पुलिस अमला कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, उन्होंने कहा कि शराब समाज के लिए घातक है और इस पर अंकुश लगाना जरूरी है। साथ ही कबाड़ी सहित अवैध कारोबारियों पर ठोस कार्रवाई करने भी उनके द्वारा बात कहीं गई।

कार्यक्रम को जिला पंचायत के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सभापति स्वाति वर्मा ने भी संबोधित किया। साथ ही सरपंच जनार्दन वर्मा ने सभी का आभार माना, वही कार्यक्रम में कृषि उपकरण, चेक, ट्राईसाईकिल आदि का वितरण भी किया गया।

## तुलसी में उमड़ा ग्रामीणों का सैलाब, समाधान शिविर बना उम्मीद का केंद्र



आरंग। बुधवार को जनपद पंचायत आरंग के तत्वाधान मैं ग्राम पंचायत तुलसी में सुशासन तिहार के अंतर्गत तृतीय चरण समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य गुरु सौरभ साहेब, जनपद सदस्यगण टुकेश साहू, संजय घृतलहरे, मंडल अध्यक्ष समोदा भीम साहू, अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू आदि ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन समाधान शिविर में जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया एवं क्षेत्र वासियों को बधाई दी। इस अवसर पर तहसीलदार सीता शुक्ला एवं एडिशनल सीईओ मारुति राव ने जानकारी देते हुवे कहा कि मांग के 4414 और शिकायत के 43 आवेदनों एवं तत्काल प्राप्त आवेदनों पर भी निराकरण हुआ है। शिविर में कृषि स्प्रेयर किट, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, गोद भराई किट, अन्नप्राशन, किसान किताब, दिव्यांग जनों को बैसाखी ट्राई साइकिल आदि वितरित किए गए एवं स्वास्थ्य विभाग से निशुल्क शुगर बीपी जांच, नेत्र परीक्षण एवं टीबी रोग परीक्षण आदि सुविधाओं का ग्रामवासियों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम में सरपंचगण गिरधर साहू, भोजराम साहू, हजारु निषाद, एलिन भारती, इंद्राणी धीवर, हरिवंश जांगड़े, प्रेमीन बर्मन, छत्रपाल राजू ओगरे, लता यादव, संतोषी साहू, पितांबर साहू, उप सरपंच, पंच गण की उपस्थिति के साथ समस्त शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण एवं ग्राम पंचायत तुलसी, अमसेना, चोरभट्टी, देवर तिल्दा, धोराभाटा, धोभट्टी, कोड़ापार, चकवे, परसदा, पिरदा, सकरी के ग्रामवासियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## युक्तियुक्तकरण नीति पर भड़का शिक्षक संघ, किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

युक्तियुक्तकरण के विरोध में प्रदेश के कोने कोने से पहुंचे लाखों शिक्षकों ने बुधवार को तूता में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी शक्ति व एकता का परिचय दिया। शिक्षक संघ का कहना है कि सत्ता में आने से पूर्व भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 57000 हजार शिक्षकों की भर्ती की बात कही थी। साझा मंच ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि भर्ती करना तो दूर सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों के 44000 हजार पद समाप्त कर रही है। वहीं हजारों स्कूल बंद के कगार पर है। दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण मोदी की गारंटी का खुला उल्लंघन है इस विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी तथा शिक्षकों के पद समाप्त होने व हजारों स्कूल बंद होने से भविष्य में शिक्षा विभाग का निजीकरण हो जाएगा 2008 के सेटअप से छेड़छाड़ के चलते शिक्षा व्यवस्था चौपट होने के साथ प्राथमिक शिक्षा के लोकव्यापीकरण का सपना अधूरा रह जाएगा। साझा मंच ने 2008 के सेटअप को लागू करने की मांग की है। जिससे शिक्षा के अधिकार कानून का शत प्रतिशत पालन हो सके।

उक्त आदेश के चलते राज्य सरकार व शिक्षक संगठनों के मध्य टकराव की स्थिति निर्मित हो गई है। तूता धरना प्रदर्शन में शामिल आरंग ब्लॉक अध्यक्ष हरीश दीवान, जिला प्रतिनिधि भानूप्रताप डहरिया, प्रवक्ता छत्रधर दीवान, छोटूराम साहू, लोचन साहू, नेमेश्वर साहू, टीकाराम साहू, हेमंत चंद्राकर, तुमेंद्र कोटरे, आरएस कुंजे, युवराम साहू आदि ने राज्य सरकार से युक्तियुक्तकरण का आदेश निरस्त कर 2008 का सेटअप लागू करने की मांग की।



## तरपोंगी में मां कर्मा प्रतिभा सम्मान जन सेवा सम्मान समारोह संपन्न

तरपोंगी। तरपोंगी परिक्षेत्र साहू संघ लखना द्वारा मां कर्मा प्रतिभा सम्मान एवं जन सेवा सम्मान का आयोजन सनसाइन पब्लिक स्कूल, सांकरा में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां कर्मा की पूजा अर्चना से हुई, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र साहू, जनपद सदस्य चांदनी शत्रुहन यदु, देवेन्द्र वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों को जन सेवा सम्मान प्रदान किया गया। समाज के प्रतिभावान छात्रों को मां कर्मा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया, जिनमें पल्लवी साहू, निधि साहू, रेशमा साहू, देवेश साहू, पूजा साहू, लेखराज साहू, मनीष साहू, त्रिदेव साहू, साक्षी साहू, खुशबू साहू, धनराज साहू, चंचल साहू, तुकेश्वरी साहू आदि शामिल हैं। सभी ग्राम प्रमुखों कोसेवा सम्मान से नवाजा गया। मुख्य वक्ताओं ने समाज की एकता, शिक्षा, संस्कार और युवाओं को जागरूक करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश साहू, पोषण साहू व तखतराम साहू ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## अभनपुर में नवनिर्मित छात्रावास का लोकार्पण में झारखंड के पूर्व सांसद धीरज हुए शामिल

अभनपुर। अभनपुर के दानवीर भामाशाह व्यावसायिक परिसर छात्रावास लोकार्पण एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए झारखंड के पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा समाज में शिक्षा का अलख जगाए और संस्कारवान संस्कृति को आगे बढ़ाए इससे समाज श्रुद्दीन व सशक्त होगा जो आने वाली पीढ़ी के लिए अति आवश्यक उक्त बाते झारखंड के पूर्व सांसद साहू ने कहा कि हमारा तेली समाज पूरे देश में मेहनतकश व ईमानदार के रूप में जाना जाता है इस पहचान को हमे आगे भी बनाए रखना होगा जो आने वाली पीढ़ी के लिए अति आवश्यक है। पूर्व सांसद धीरज साहू द्वारा परिसर को और मजबूत बनाने हेतु एक लाख 21 हजार रुपए की सहयोग राशि तहसील संघ साहू समाज अभनपुर को दी गई है तहसील संघ साहू समाज अभनपुर के द्वारा लगभग 2 करोड़ के लागत से व्यवसायिक परिसर व छात्रावास का निर्माण बिना शासन के सहयोग से समाज के लोगों के द्वारा किया गया है। जिसका लोकार्पण मंगलवार को किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व विधायक धनेंद्र साहू , विधायक राजिम रोहित साहू, विधायक अभनपुर इन्द्रकुमार साहू, विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व जिपं.अध्यक्ष अशोक बजाज आदि लोगो की उपस्थिती मे लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर साहू समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा पूरे नगर में बाइक रैली निकली गई। इस मौके पर क्षेत्र के 200 मेधावी छात्र-छात्राओं को 10वीं और 12वीं बोर्ड में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया तथा समाज के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधि पंच सरपंच और जनपद जिला पंचायत सदस्यों का सम्मान किया गया।

## श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल बना अनोखी मिसाल, सभी सेवाएं निःशुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

किसी ने सच ही कहा है लोग आते-जाते रहते हैं किंतु संगठन या संस्थान अजर-अमर होते हैं। नवा रायपुर स्थित श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल इसका जीवंत उदाहरण है। जहां मानवता का मशाल जमाने के लिए मिसाल बना हुआ है। गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं का गुणवत्तापूर्ण इलाज होता है। वह भी निःशुल्क, यही वजह है कि सात समंदर पार से भी लोग यहां स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं। आज की महंगी चिकित्सा के बीच यदि कोई स्वास्थ्य संस्थान निःशुल्क और कारगर चिकित्सा उपलब्ध करा रहा हो, तो मानकर चलिए कि उस संस्थान की बुनियाद के प्रति आपर निष्ठा है। मानवता निष्ठा, और समर्पण के भाव को श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल को सार्थक कर दिया है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या की में न केवल प्रदेश, बल्कि देश-विदेश से भी लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं। इस संस्थान का ध्येय वाक्य है, मानव सेवा ही माधव सेवा है। उल्लेखनीय है, कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 20 किमी दूर नवा रायपुर स्थित श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल राष्ट्रीय सेवा के लिए संकल्पित एक प्रसिद्ध संस्थान है, जो कि जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क इलाज के लिए बेहद लोकप्रिय है। यह अस्पताल इस देश के बच्चों की उत्तम स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। ये अस्पताल जन्मजात हृदय रोग के निदान, महिला एवं बाल स्वास्थ्य और शल्य चिकित्सा निःशुल्क उपचार प्रदान करता है।

### हर धड़कन की उम्मीदः संजीवनी अस्पताल की कहानी



अब तक इस संस्थान में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 37000 से भी अधिक बच्चों की सफलता पूर्वक सर्जरी और 40000 से भी अधिक गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। श्री सत्यसाई संजीवनी अस्पताल न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में, अपितु शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर अग्रसर है। यहां महाविद्यालय में बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग की शिक्षा निःशुल्क है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल न केवल छत्तीसगढ़ में, अपितु दूसरे राज्य दूसरे राज्यों के साथ-साथ देश-विदेश में भी उपलब्धि है। श्री सत्य साईं संजीवनी चाइल्ड हार्ट केयर की शुरुआत देश के हृदय स्थल, अटल नगर नया रायपुर छत्तीसगढ़ में नवंबर 2012 में तथा श्री सत्य साई संजीवनी मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल की शुरुवात 2021 में किया गया। सत्य साईं संजीवनी ने जन्मजात हृदय रोग के अज्ञात क्षेत्र में अपनी यात्रा शुरू की, जो कि देश में एकमात्र अस्पताल है। जो विशेष रूप से बाल चिकित्सा हृदय की देखभाल करता है।

## पेज 11 के शेष...

### बांस के सहारे ...

अज्ञात चोर एप्पल मोबाइल के काउंटर में पहुंचा और रैक में रखे आईफोन चोरी कर ले गया। आसपास से गुजर रहे लोगों ने चोर को भागते हुए देखा। इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

### 12वीं की पूरक परीक्षा सिर्फ ...

किए जाएंगे। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 17 जून है। विलंब शुल्क के साथ सीबीएसई कम्पार्टमेंट परीक्षा के फार्म 18 जून से शुरू होकर 19 जून तक भरे जाएंगे।

### ई-केवाईसी के दौरान ...

खुद को जीवित बताना है। इसके लिए ईपॉस मशीन में अपना आधार अपडेट कराने के दौरान स्वयं हितग्राही को अपना फिंगर या फेस से सत्यापन कराना होता है। इसके बगैर केवाईसी नहीं होता। जितने लोगों ने केवाईसी नहीं कराया, लगभग उन सभी के नाम को ऑनलाइन सिस्टम ने मृत मानकर ब्लॉक कर दिया है। हालांकि जिन मृत सदस्यों का आंकड़ा अभी सामने आया है, उनमें कईयों की मौत ईकेवाईसी कराने के बाद हुई है।

### किडनी-लिवर के जरूरतमंदों ....

हो चुके अपने परिवार के सदस्यों का अंगदान करने के लिए राजी होते हैं। प्रदेश में फरवरी में अंतिम अंगदान हुआ था, वहीं किडनी-लिवर प्राप्त करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोटो कार्यालय के पास वर्तमान में अंगदान का इंतजार करने वालों के कुल 192 आवेदन लंबित हैं, जिसमें से 191 लोगों को किडनी-लिवर मिलने का इंतजार है। इनमें 165 किडनी के जरूरतमंद हैं और 26 लिवर मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। राज्य में अंग प्रत्यारोपण तथा ब्रेनडेड मरीजों से अंगदान में लेने की प्रक्रिया ढाई साल पहले शुरू हो चुकी है, मगर अब तक इसकी सुविधा राजधानी के अस्पतालों से आगे नहीं बढ़ सकी है। यहां शासकीय स्तर पर एम्स को छोड़कर प्रत्यारोपण की सुविधा केवल निजी अस्पतालों तक सीमित है। कोई विकल्प नहीं होने पर आवेदन : ब्रेनडेड मरीजों से मिलने वाली किडनी तभी प्राप्त की जा सकती है, जब संबंधित मरीज के पास प्रत्यारोपण कराने के लिए कोई दूसरा विकल्प न हो। एक ब्रेनडेड मरीज की दो किडनी दो लोगों को जीवनदान देती है। इसी तरह नेत्र दो लोगों के जीवन में रोशनी लाते हैं और लिवर एक मरीज को नया जीवन देता है। ब्रेनडेड मरीज की त्वचा और हृदय के वॉल्व टिश्यू भी मरीजों के लिए संजीवनी का काम करते हैं।

### बाइक को आठ ....

बाइक कार में फंस गई। कार कोई विनय अग्रवाल नाम का युवक चला रहा था। आसपास से गुजर रहे लोगों ने कार को माना एक्सप्रेस वे के नीचे रोक कर कार चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। इस दौरान कार चालक ने कुछ और लोगों को ठोका, लेकिन किसी ने इसकी शिकायत थाने में नहीं की।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 26.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका श्रीमती उषा सिंह पति अजय सिंह निवासी माना कैम्प द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 81/18 रकबा 0.0093 हे. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/ अति.तहसीलदार/ वर्ष 2025 आदेश दिनांक .../.../2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 19.06.2025 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएवं उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर-20
तहसील रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 26.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका श्रीमती माधुरी सिंह पति सुरजीत सिंह निवासी माना कैम्प द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 81/17 रकबा 0.0121 हे. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/ अति.तहसीलदार/ वर्ष 2025 आदेश दिनांक .../.../2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 19.06.2025 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएवं उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर-20
तहसील रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202505111800049**

विषयः- अ-6 अ सनः-2024-2025

मामले की श्रेणी :- राजस्व

बरतनारा (प.ह.न. 00002),
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्री रेवा राम वर्मा,
अनावेदक पक्षकार छ.ग.शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रेवा राम वर्मा पिता स्व. ररूहा राम वर्मा निवासी ग्राम मुर्रा तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अभिलेख सुधार बाबत आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम बरतनारा प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसीवा तहसील धरसीवा जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 26/1 रकबा 0.1820 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे टीकमचंद पिता ररूहा, अवधराम पिता ररूहा, केसरी पिता ररूहा, श्यामा पिता ररूहा, सुशीला पिता ररूहा, सरोज पिता ररूहा के नाम से राजस्व अभिलेख मे दर्ज है, जिसमे सह खातेदार रेवाराम वर्मा पिता स्व. ररूहा का नाम त्रुटिवश अवधराम पिता ररूहा दर्ज है, आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख मे रेवा राम पिता स्व. ररूहा का सही नाम दर्ज कर अभिलेख सुधार किये जाने तथा शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय की नियत तिथि 05/06/2025 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

SANDEEP SINGH RAJPUT
नायब तहसीलदार
उप तहसील धरसींवा

**न्यायालय नायब तहसीलदार - 1, मंदिर हसौद**

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला - रायपुर तहसील - मंदिर हसौद प.ह.न. - 00021 पलौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440205700009

**// ईश्तहार//**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00021 के अंतर्गत ग्राम पलौद के वर्तमान भूमिस्वामी नरसिंग पिता रामखिलावन कुर्मी पिता/पति- पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 552(0.1000), 2232(0.4000), 2279/1(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शंकर चंद्राकर पिता/पति - नरसिंग चंद्राकर पता पलौद के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/06/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 1, मंदिर हसौद पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
Vinod Kumar Sahu
मंदिर हसौद

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भ : जिला- रायपुर, तहसील-धरसींवा प.ह.नं. - 00023 बरौदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440718900058

**// ईश्तहार//**

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00023 के अंतर्गत ग्राम बरौदा ग्राम के वर्तमान भूमिस्वामी प्रेमनाथ साहू, पारसनाथ साहू पिता/पति फगुवाराम साहू पता-ग्राम बरौदा, फुलेश्वरी साहू, राजेश्वरी साहू, प्रियादास पिता/पति-फगुवाराम साहू पता-ग्राम बरौदा, फगुवाराम साहू पिता/पति - घसियाराम साहू पता- ग्राम बरौदा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 229/50(0.4050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सत्येन्द्र नाथ साहू पिता/पति स्व. पारसनाथ साहू पता- बरौदा, फगुवाराम साहू पिता/पति- घसियाराम साहू पता- ग्राम बरौदा, पुष्पेन्द्र नाथ साहू पिता/पति - स्व. पारसनाथ साहू पता- बरौदा, फुलेश्वरी साहू, राजेश्वरी साहू, प्रियादास पिता/पति- फगुवाराम साहू पता- ग्राम बरौदा, भूमिका साहू पिता/पति- स्व. पारसनाथ साहू पता- बरौदा, प्रेमनाथ साहू पिता/पति- फगुवाराम साहू पता- बरौदा के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/06/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
Babulal Kurrey
उप तहसील धरसींवा

**नाम परिवर्तन**
**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती आईशा खान उम्र 28 वर्ष, पति श्री अब्दुल आयाज़ खान जाति मुस्लमान निवासी रायपुर न्यू जनता कालोनी टिकरापारा फ्रन्ट ऑफ नूतन स्कूल अपोजिट कंट्रोल स्टोर गुठका स्टोर रायपुर पो. तह/ जिला रायपुर छ.ग. की निवासी हूँ तथा निम्नानुसार कथन करती हूँ किः-

1. यह कि मुझ शपथकर्ता का नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है तथा मेरा आधार नं. 6066 8124 5805 है।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता का विवाह दिनांक 23.04.2023 मे ग्राम रायपुर निवासी श्री अब्दुल रहीम खान के पुत्र श्री अब्दुल आयाज खान के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न हुआ है।
3. यह कि मैं शादी के पूर्व "मेघा दास" पिता "श्री बबलु दास" जाति बंगाली निवासी रायपुर पो. तह व जिला रायपुर छ.ग. की थी जो कि शादी के बाद मेरा नाम श्रीमती आईशा खान पति श्री अब्दुल आयाज खान जाति मुस्लमान निवासी ग्राम रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. की हो चुकी हूँ।
4. यह कि अब शादी के बाद मेरे समस्त प्रमाण पत्रों, अंकसूचियों व शासकीय अर्द्धशासकीय व अशासकीय अभिलेखों व प्रमाण पत्रो, वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, निवासी प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, बैंकिंग कार्य व अन्य समस्त कार्यों में अब श्रीमती आईशा खान पति श्री अब्दुल आयाज खान जाति मुस्लमान निवासी रायपुर पो.तह. व जिला रायपुर छ.ग. पढ़ा जावे एवं दर्ज किया जावे जिसके लिये यह शपथ पत्र निष्पादित करने की आवश्यकता हुई।
5. यह कि शपथ में मैं कोई भी सारवान बाते नही छिपाई है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि कंडिका 1 से 5 तक में दिये गये उक्त तथ्य सत्य व सही है अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ।

स्थान रायपुर छ.ग.
दिनांक- 27.05.2025

आईशा खान
शपथकर्ती

**// शपथ-पत्र//**

मैं अर्पणा तांडी पति श्री अमरदीप तांडी, निवासी - सेक्टर-08, क्लब नंबर-14, मकान नंबर- 159, सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ शपथपूर्वक निम्न लिखित कथन करती हूं :-

1. यह कि मैने वर्ष 2021 में श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, मोवा, रायपुर छ.ग. से जी.एन.एम. नर्सिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की हूं जिसका मेरे द्वारा विधिवत रूप से छत्तीसगढ़ नर्सिंग कौशिल में अपना पंजीयन करवा ली हूं जिसमें मेरा पंजीयन क्रमांक - XXXII14412 है।
2. यह कि, उक्त जी.एन.एम. नर्सिंग की सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा दिनांक 08-04-2024 को मेरे निवास स्थान के आसपास कही गुम हो गया है काफी प्रयास के बावजूद प्राप्त नहीं हो पाया है उक्त सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा का मेरे द्वारा किसी प्रकार से दुरूपयोग नही किया गया है और ना ही किसी अन्य को प्रदान किया गया है तथा मेरे द्वारा उक्त सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा के गुम हो जाने के संबंध में संबंधित थाना विधान सभा रायपुर छ.ग. में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाया गया है।
3. यह कि मैं अपने जी.एन.एम. नर्सिंग सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा की द्वितीय प्रति को प्राप्त करना चाहती हूं जिस हेतु मेरे द्वारा विभाग के समस्त नियमों एवं शर्तो का पालन किया जावेगा।
4. यह कि यह शपथपत्र जी.एन.एम. नर्सिंग सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा की द्वितीय प्रति को प्राप्त करने के समर्थन में सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं। अतः मुझे जी.एन.एम. नर्सिंग सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा की द्वितीय प्रति को किये जाने की कृपा हो।

शपथकर्ती

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका क्रमांक - 1 से लेकर 4 तक की दी गई समस्त जानकारी सत्य व सही है। अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 28/05/2025

शपथकर्ती

**NOTICE ON- Merit and I.R. / Stay IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT CHHATTISGARH BILASPUR**

**NOTICE**

General Form

Writ Petition *(Habeas Corpus/Mandamus/ Prohibition/Certiorari/Quo-Warranto)*

**WPL No. 149 of 2023**

MANAGER, NAIDUNIA — Petitioner
THE PRESIDENT — Respondent

To, Govind Prasad Chadar, S/o Anmol Prasad Chadar, Aged About 32 Years R/o Opposite GT Complex, Behind Dr. Jha Clinic, C/o- Jeevan Lal Yadav, Khamtarai Talab, Khamtarai, Dist. Raipur (Chhattisgarh)

Whereas a petition has been made in the above case by the Petitioner for a writ of *(Habeas Corpus/Mandamus/ prohibition/Certiorari/Quo-warranto)* under article 226/227 of the Constitution of India (copy of petition enclosed.)

Take notice that you are required to submit a return personally or through a duly engaged Advocate on or before **10/06/2025** if no return is filed as aforesaid, the petition will be heard and decided ex parte.

Given under my hand and the seal of the High Court of Judicature at Bilaspur this **26** day of **04/2025**.

Seal

By order of the High Court
ASST. REGISTRAR / SECTION OFFICER

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
रोबस, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### देवांगन महाकुंभ की तैयारी जोरों पर

रायपुर। प्रदेश देवांगन कल्याण समाज द्वारा 1 जून को देवांगन महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर राज मंडल जिला और ब्लॉक स्तर पर जोरों से तैयारी शुरू हो चुकी है, जिसमें जिला के पदाधिकारी अपने-अपने जिला अंतर्गत, राज के पदाधिकारी अपने राज के अंतर्गत और ब्लॉक व मंडल के पदाधिकारी अपने-अपने ब्लॉक और मंडल में एक-एक घर में जाकर इस महाकुंभ का प्रचार कर रहे हैं और इस महाकुंभ में शामिल होने के लिए सभी जनता के बीच में उत्साह देखते ही बन रहा है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहे हैं की प्रचार को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम में लगभग 10 से 15000 लोगों के भीड़ शामिल होने की संभावना है। यह जानकारी समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष मनोहर देवांगन ने देते हुए बताया कि, कार्यक्रम में सभी उपस्थित सदस्यों के लिए पर्याप्त चाय नाश्ता और भोजन की भी व्यवस्था की गई है किसी प्रकार से किसी को कोई भी तकलीफ नहीं होने दिया जाएगा, प्रदेश देवांगन कल्याण समाज सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम को आयोजित कर रहा है।

## निधन

### गुरुचरण सिंह छाबड़ा



रायपुर। राजनांदगांव निवासी सरदार गुरुचरण सिंह छाबड़ा का 28 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजनांदगांव मुक्तिधाम में किया गया। वे शहर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के अध्यक्ष स.कुलबीर सिंह छाबड़ा के पिता व पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा के जीजा एवं हरमीत सिंह होरा के फूफा थे।

### डॉ. संजीव शर्मा



रायपुर। सेक्ट-1, गीतांजिल नगर निवासी डॉ. संजीव शर्मा (56) का 27 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्ति धाम में किया गया। वे शालिनी शर्मा के पति, अपराजिता और अनुष्का के पिता थे।

# चिटफंड : फाइलें दो साल से डंप, न जांच न ही संपत्तियों की जब्ती-नीलामी, जमा राशि भी बांटी नहीं गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में चिटफंड कंपनियों के शिकार हुए निवेशकों को उनके डूबे पैसे वापस दिलाने के लिए अभियान चलाया गया था, जिसके तहत कई चिटफंड कंपनियों की संपत्तियों को जब्त कर उनकी नीलामी कराई गई थी। इस नीलामी से प्राप्त राशि हजारों निवेशकों को बांटी भी गई है। बांटी गई राशि निवेशकों के डूबे पैसों की तुलना में बहुत कम मिल पाई है, लेकिन इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली थी और उम्मीद भी जागी थी कि चिटफंड कंपनियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई और संपत्तियों की नीलामी से उनके डूबे पैसे भी मिलते रहेंगे। लोगों की इन उम्मीदों की फाइलें पिछले दो साल से सरकारी दफ्तरों में डंप पड़ी हुई हैं। इसके कारण न ही चिटफंड कंपनियों की संपत्तियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है और न ही पूर्व में जब्त की गई कई संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। कुछ ऐसी भी संपत्तियां हैं, जिनकी नीलामी से संबंधित प्रकरण कोर्ट में लंबित हैं।

## करीब 11 हजार निवेशकों को 5 करोड़ 37 लाख रुपए की राशि लौटाई गई

### इन कंपनियों की हो चुकी है संपत्तियां कुर्क-नीलाम

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में अब तक गोल्ड इंफ्रावेंचर लिमिटेड की संपत्ति बेचकर उससे 81 लाख 1 हजार रुपए, निर्मल इंफ्रा होम की संपत्ति की नीलामी से 51 लाख 51 हजार रुपए, आरोग्य धनवर्षा की संपत्ति से 11 लाख 85 हजार रुपए, शुष्क इंडिया कंपनी लिमिटेड की संपत्ति से 2 करोड़ 10 लाख रुपए एवं देवयानी प्रॉपर्टीज लिमिटेड की 4 करोड़ 14 लाख रुपए की संपत्ति नीलाम की गई है। शुष्क इंडिया में ज्यादातर धमतरी जिले के निवेशकों के पैसे लगे थे। इसे देखते हुए इसकी संपत्ति की नीलामी से प्राप्त राशि 2 करोड़ रुपए धमतरी कलेक्टर को निवेशकों को बांटने के लिए दी गई थी।



### नीलामी की राशि मिलते ही बांटी जाएगी

चिटफंड कंपनियों की नई संपत्तियों की जांच अभी रुकी हुई है। जिन संपत्तियों की नीलामी से राशि आई थी, वह पीड़ितों को बांटी गई है। जब्त संपत्तियों की नीलामी के कई प्रकरण कोर्ट में लंबित हैं, वहीं कई में स्टे लगे हुए हैं।

*- कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर रायपुर*

### इन तीन कंपनियों की नीलामी पर लगा है स्टे

एचबीएन डेयरीज एण्ड एलाइड लिमिटेड की संपत्ति की नीलामी रायपुर तहसील कार्यालय में 10 करोड़ 30 लाख रुपए में हुई थी। नीलामी के विरोध में एक कंपनी ने एनसीएलटी से स्टे लिया है। इसी प्रकार किम इंफ्रा डेवलपर्स लिमिटेड और नेक्टर कमर्शियल एस्टेट लिमिटेड कंपनी की संपत्ति भी 1 करोड़ 54 लाख 40 हजार रुपए में नीलाम हुई है। कंपनी ने इसके विरुद्ध बिलासपुर उच्च न्यायालय से स्टे लिया हुआ है। इसके अलावा माइक्रो फाइनेंस कंपनी की खिलौरा अभनपुर में 9 करोड़ से अधिक की संपत्ति नीलाम होनी थी, लेकिन इसमें ईडी की एंट्री होने के बाद से इसकी नीलामी पर रोक लगा दी गई है।

### जिले में ही 10 अरब 32 करोड़ से अधिक की ठगी, लौटाए 5 करोड़ 37 लाख

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में 272 चिटफंड कंपनियों में 3 लाख 19 हजार 739 निवेशकों ने 10 अरब 32 करोड़ 99 लाख रुपए का निवेश किया था। निवेशकों में प्रदेश के दूसरे जिलों के निवेशक भी बड़ी संख्या में शामिल हैं, वहीं कई कंपनियां भी दूसरे जिलों की हैं। बताया गया कि जिले में चिटफंड कंपनियों की जब्त की गई संपत्तियों की नीलामी से प्राप्त राशि में से करीब 11 हजार निवेशकों को 5 करोड़ 37 लाख रुपए की राशि लौटाई गई है। यह राशि वर्ष 2019 से सितंबर 2023 की अवधि के दौरान लौटाई गई है।

## समता कालोनी, रजबंधा मैदान एकात्म परिसर इलाका

# पाटों से पट गया शहर, नालों पर अवैध कब्जा सफाई आधी-अधूरी इसलिए ओवरफ्लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में मंगलवार को प्री मानसून के साथ समता कालोनी, एकात्म परिसर रजबंधा के पास ट्राइएंगल नाला, प्रोफेसर कालोनी के रिहाइशी इलाकों में बारिश के पानी के साथ नाले और नालियों का गंदा पानी सड़क पर भरने से लोग परेशान रहे।

- प्रोफेसर कालोनी गली नंबर 1, 3, 15 और 16 में फिर घुसेगा नाले का गंदा पानी

पाटों से पट गये शहर में प्रमुख नालों पर अवैध कब्जा और नालों की बारिश पूर्व सफाई को लेकर निगम प्रशासन की आधी-अधूरी तैयारी ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। राजातालाब क्षेत्र से बहने वाला अरमान नाला शहर के 4 वार्डों के आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों को ले डूबेगा। यह स्थिति इसलिए निर्मित होती है, क्योंकि नगर निगम ने नाले पर अवैध रूप से बनाये गये पक्के निर्माण और पाटों को तोड़ा नहीं है, केवल नोटिस देकर खानापूर्ति की गयी। यही वजह है कि गुरु गोविंद सिंह वार्ड, शंकर नगर वार्ड, पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड और काली माता वार्ड इससे प्रभावित हो रहे हैं।





**समाधान** : मलसाय तालाब के पास राशन दुकान कदम चौक होते हुए प्रोफेसर कालोनी रिंगरोड तक आरसीसी नाला और पुलिया मरम्मत कराने की जरूरत। 1 करोड़ 82 लाख का प्रस्ताव भेजा अब तक मंजूर नहीं।

### समता कालोनी का बुरा हाल

मुख्य मार्ग की सड़क पर जलभराव आसपास के रिहाइसी इलाके में भी भरता है नाली-नाले का गंदा पानी। बुधवार को पहली बारिश में भी रहवासी जलभराव से परेशान रहे। यह स्थिति हर बार बनती है। समस्या का समाधान अब तक नहीं निकाल पाए।

### नालों पर पाटे

- समता कालोनी, गुढ़ियारी, एमजी रोड, जीई रोड, मौदहापारा शास्त्री मार्केट, पुराना बसस्टैंड गणेशराम नगर की तरफ नालों के ऊपर पाटे बना दिये गये हैं। इससे नालों की सफाई प्रभावित हो रही है। बाजारों से निकलने वाले कचरे की वजह से नालियां जाम हैं।
- चूड़ीलाइन के हिस्से में पहले से ही जलभराव से परेशानी होती थी, अब सभी मुख्य बाजारों की सड़कों पर बारिश में सड़कें डूबने लगी हैं। नालियों के चोक होने की वजह से हालत सामने आये हैं।
- नाले का गंदा पानी ओवर फ्लो होने से।

### इन इलाकों में डूबान

- अरमान नाला का चौड़ीकरण और तले तक सफाई नहीं होने से रविशंकर शुक्ल वार्ड की नई बस्ती और नूरानी चौक क्षेत्र में जलभराव का खतरा।
- कालीमाता वार्ड के गौरवनगर, कालीनगर बस्ती।
- शंकर नगर वार्ड गोरखा कालोनी सबसे ज्यादा प्रभावित। अवंतिविहार नाले से गीतांजलि नगर में जलभराव का अंदेशा।
- गुरुगोविंद सिंह वार्ड - अणुव्रत रेसीडेंसी, प्रगतिनगर, काली नगर, ताज नगर, सरस्वती नगर, तिवारी लाइन मठपारा, पंडरी कांच घर के पास जल भराव तय।
- वामनराव लाखे वार्ड - बंजारी नगर, शीतला कालोनी, प्रोफेसर कालोनी गली नंबर 1, गली नंबर 3 और गली नंबर 15, 16.

# मानसून की आहट को देखते हुए एसडीआरएफ ने एक सप्ताह पूर्व जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्य में इस बार मानसून ने एक पखवाड़ा पूर्व ही दस्तक दे दी है। मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए एसडीआरएफ ने सभी जिलों के डीडीआरएफ को अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही बाढ़ से निपटने राहत तथा बयाव कार्य के लिए संसाधन जुटाने निर्देश दिए हैं। एसडीआरएफ कर्मियों को गैर जरूरी छुट्टी नहीं लेने निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही मुख्यालय के संपर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

- जिलों को सतर्क रहने दिए निर्देश

एसडीआरएफ के डायरेक्टर अजातशत्रु बहादुर सिंह के अनुसार बारिश के पूर्व एसडीआरएफ के साथ सभी 33 जिलों में डीडीआरएफ ने बाढ़ से निपटने सभी तरह की तैयरियां पूरी कर ली हैं। जिन जिलों में मोटर बोट के साथ अन्य संसाधनों की कमी है, उसे जून के पहले सप्ताह तक पूरा करने निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ आने की स्थिति में राहत तथा बचाव कार्य कैसे किया जाए, इसके लिए एसडीआरएफ के साथ डीडीआरएफ की टीम दो से तीन बार अभ्यास कर चुकी है।

### सभी विभागों के साथ सामंजस्य

बाढ़ आने की स्थिति में एसडीआरएफ तथा डीडीआरएफ को डॉयल-112 के अलावा स्थानीय स्तर पर पंचायत, नगरी निकायों के साथ पुलिस तथा स्थानीय रहवासियों के साथ सामांजस्य स्थापित करने निर्देश दिए गए हैं। इन सस्थाओं के साथ आपस में तालमेल कर विपरीत परिस्थिति निर्मित होने पर राहत तथा बचाव कार्य करने निर्देश दिए गए हैं।

### नदी से सटे इलाकों में सतर्क रहने के निर्देश

नदी से सटे ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां हर वर्ष बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है, उन इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें रायगढ़, धमतरी, बालोद, बस्तर जैसे राज्य के एक दर्जन से ज्यादा ऐसे जिले हैं, जहां हर वर्ष बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है। उन जिलों में विशेष सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं।

## बीए द्वितीय वर्ष में 60 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को बीए द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। परीक्षा में 16,292 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 9 हजार 723 अर्थात 59.68% छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। शेष छात्रों में से 2164 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 4264 को पूरक की श्रेणी में रखा गया है। 141 छात्रों के परिणाम नकल सहित अन्य कारणों से रोके गए हैं। वहीं 215 विद्यार्थी ऐसे रहे जिन्होंने फॉर्म भरा, लेकिन परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परिणाम रविवि की वेबसाइट में अपलोड कर दिए गए हैं।

## पेज 11 के शेष...

### बांस के सहारे ...

अज्ञात चोर एप्पल मोबाइल के काउंटर में पहुंचा और रैक में रखे आईफोन चोरी कर ले गया। आसपास से गुजर रहे लोगों ने चोर को भागते हुए देखा। इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

### 12वीं की पूरक परीक्षा सिर्फ ...

किए जाएंगे। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 17 जून है। विलंब शुल्क के साथ सीबीएसई कम्पार्टमेंट परीक्षा के फार्म 18 जून से शुरू होकर 19 जून तक भरे जाएंगे।

### ई-केवाईसी के दौरान ...

खुद को जीवित बताना है। इसके लिए ईपॉस मशीन में अपना आधार अपडेट कराने के दौरान स्वयं हितग्राही को अपना फिंगर या फेस से सत्यापन कराना होता है। इसके बगैर केवाईसी नहीं होता। जितने लोगों ने केवाईसी नहीं कराया, लगभग उन सभी के नाम को ऑनलाइन सिस्टम ने मृत मानकर ब्लॉक कर दिया है। हालांकि जिन मृत सदस्यों का आंकड़ा अभी सामने आया है, उनमें कईयों की मौत ईकेवाईसी कराने के बाद हुई है।

### किडनी-लिवर के जरूरतमंदों ....

हो चुके अपने परिवार के सदस्यों का अंगदान करने के लिए राजी होते हैं। प्रदेश में फरवरी में अंतिम अंगदान हुआ था, वहीं किडनी-लिवर प्राप्त करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोटो कार्यालय के पास वर्तमान में अंगदान का इंतजार करने वालों के कुल 192 आवेदन लंबित हैं, जिसमें से 191 लोगों को किडनी-लिवर मिलने का इंतजार है। इनमें 165 किडनी के जरूरतमंद हैं और 26 लिवर मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। राज्य में अंग प्रत्यारोपण तथा ब्रेनडेड मरीजों से अंगदान में लेने की प्रक्रिया ढाई साल पहले शुरू हो चुकी है, मगर अब तक इसकी सुविधा राजधानी के अस्पतालों से आगे नहीं बढ़ सकी है। यहां शासकीय स्तर पर एम्स को छोड़कर प्रत्यारोपण की सुविधा केवल निजी अस्पतालों तक सीमित है।

**कोई विकल्प नहीं होने पर आवेदन :** ब्रेनडेड मरीजों से मिलने वाली किडनी तभी प्राप्त की जा सकती है, जब संबंधित मरीज के पास प्रत्यारोपण कराने के लिए कोई दूसरा विकल्प न हो। एक ब्रेनडेड मरीज की दो किडनी दो लोगों को जीवनदान देती है। इसी तरह नेत्र दो लोगों के जीवन में रोशनी लाते हैं और लिवर एक मरीज को नया जीवन देता है। ब्रेनडेड मरीज की त्वचा और हृदय के वॉल्व टिश्यू भी मरीजों के लिए संजीवनी का काम करते हैं।

### बाइक को आठ ....

बाइक कार में फंस गई। कार कोई विनय अग्रवाल नाम का युवक चला रहा था। आसपास से गुजर रहे लोगों ने कार को माना एक्सप्रेस वे के नीचे रोक कर कार चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। इस दौरान कार चालक ने कुछ और लोगों को ठोका, लेकिन किसी ने इसकी शिकायत थाने में नहीं की।

# डूंडा में अवैध प्लाटिंग पर लगाई रोक संतोषी नगर में अवैध कब्जा हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टीम प्रहरी नगर निवेश ने बुधवार को जोन 10 क्षेत्र के दुर्गा विहार डूंडा और एकता विहार में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बनाये गये मार्ग को जेसीबी मशीन से काटकर आवागमन अवरुद्ध कर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी। इसी तरह जोन 9 नगर निवेश विभाग ने संतोषी नगर काली मंदिर के पास किये गये अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की। यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में निगम मुख्यालय उड़नदस्ता के साथ मिलकर यह अभियान चलाया। शहर के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण और अवैध कब्जा हटाने जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह के आदेश और निगम आयुक्त विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उमेंद सिंह के निर्देश पर नगर निगम के दस जोन में संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टीम प्रहरी ने जोन 10 क्षेत्र में डूंडा के दुर्गा विहार और एकता विहार में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बनाये गये मार्ग को जेसीबी मशीन से काटकर आवागमन अवरुद्ध करने स्थल पर रोक लगायी। वहीं जोन 6 के मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड के संतोषी नगर काली मंदिर के पास किये गये अवैध कब्जे को हटाया गया।



### पचपेड़ी नाका में स्ट्रीट पोल, डिवाइडर के बीच लगाये बैनर पोस्टर हटाये

पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट पोल और डिवाइडर के मध्य अवैध बैनर-पोस्टर को निकालने टीम जुटी रही। इसी तरह तेलीबांधा चौक ट्रैफिक सिग्नल के पास सड़क पर लगायी गयी दुकानों के सामान को व्यवस्था सुधार की दृष्टि से जब्त कर लिया। मोतीबाग क्षेत्र में जोन 4 के नगर निवेश विभाग ने अभियान चलाकर अवैध ठेला-गुमटियों को हटाने की कार्रवाई कर नागरिकों को यातायात में राहत दिलायी। टीम प्रहरी के इस अभियान में नगर निगम के अपर आयुक्त पंकज शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, उप अभियंता रवि साहू की सहभागिता रही।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 26.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका श्रीमती उषा सिंह पति अजय सिंह निवासी माना कैम्प द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 81/18 रकबा 0.0093 हे. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./वाचक/ अति.तहसीलदार/ वर्ष 2025 आदेश दिनांक .../.../2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 19.06.2025 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएवं उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर-20
तहसील रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 26.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका श्रीमती माधुरी सिंह पति सुरजीत सिंह निवासी माना कैम्प द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 81/17 रकबा 0.0121 हे. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./वाचक/ अति.तहसीलदार/ वर्ष 2025 आदेश दिनांक .../.../2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 19.06.2025 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएवं उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर-20
तहसील रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भ : जिला- रायपुर, तहसील-धरसींवा प.ह.नं. - 00023 बरौदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440718900058

**// ईश्तहार//**

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00023 के अंतर्गत ग्राम बरौदा ग्राम के वर्तमान भूमिस्वामी प्रेमनाथ साहू, पारसनाथ साहू पिता/पति फगुवाराम साहू पता-ग्राम बरौदा, फुलेश्वरी साहू, राजेश्वरी साहू, प्रियादास पिता/पति-फगुवाराम साहू पता-ग्राम बरौदा, फगुवाराम साहू पिता/पति - घसियाराम साहू पता- ग्राम बरौदा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 229/50(0.4050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सत्येन्द्र नाथ साहू पिता/पति स्व. पारसनाथ साहू पता- बरौदा, फगुवाराम साहू पिता/पति- घसियाराम साहू पता- ग्राम बरौदा, पुष्पेन्द्र नाथ साहू पिता/पति - स्व. पारसनाथ साहू पता- बरौदा, फुलेश्वरी साहू, राजेश्वरी साहू, प्रियादास पिता/पति- फगुवाराम साहू पता- ग्राम बरौदा, भूमिका साहू पिता/पति- स्व. पारसनाथ साहू पता- बरौदा, प्रेमनाथ साहू पिता/पति- फगुवाराम साहू पता- बरौदा के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/06/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
Babulal Kurrey
उप तहसील धरसींवा

**नाम परिवर्तन**
**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती आईशा खान उम्र 28 वर्ष, पति श्री अब्दुल आयाज़ खान जाति मुस्लमान निवासी रायपुर न्यू जनता कालोनी टिकरापारा फ्रन्ट ऑफ नूतन स्कूल अपोजिट कंट्रोल स्टोर गुठका स्टोर रायपुर पो. तह/ जिला रायपुर छ.ग. की निवासी हूँ तथा निम्नानुसार कथन करती हूँ किः-

1. यह कि मुझ शपथकर्ती का नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है तथा मेरा आधार नं. 6066 8124 5805 है।
2. यह कि मुझ शपथकर्ती का विवाह दिनांक 23.04.2023 मे ग्राम रायपुर निवासी श्री अब्दुल रहीम खान के पुत्र श्री अब्दुल आयाज खान के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न हुआ है।
3. यह कि मैं शादी के पूर्व "मेघा दास" पिता "श्री बबलु दास" जाति बंगाली निवासी रायपुर पो. तह व जिला रायपुर छ.ग. की थी जो कि शादी के बाद मेरा नाम श्रीमती आईशा खान पति श्री अब्दुल आयाज़ खान जाति मुस्लमान निवासी ग्राम रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. की हो चुकी हूँ।
4. यह कि अब शादी के बाद मेरे समस्त प्रमाण पत्रों, अंकसूचियों व शासकीय अर्द्धशासकीय व अशासकीय अभिलेखों व प्रमाण पत्रो, वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, निवासी प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, बैंकिंग कार्य व अन्य समस्त कार्यों में अब श्रीमती आईशा खान पति श्री अब्दुल आयाज़ खान जाति मुस्लमान निवासी रायपुर पो.तह. व जिला रायपुर छ.ग. पढ़ा जावे एवं दर्ज किया जावे जिसके लिये यह शपथ पत्र निष्पादित करने की आवश्यकता हुई।
5. यह कि शपथ में मैं कोई भी सारवान बाते नही छिपाई है।

सत्यापन शपथकर्ती

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि कंडिका 1 से 5 तक में दिये गये उक्त तथ्य सत्य व सही है अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ।

स्थान रायपुर छ.ग.
दिनांक- 27.05.2025

आईशा खान
शपथकर्ती

**// शपथ-पत्र//**

मैं अर्पणा तांडी पति श्री अमरदीप तांडी, निवासी - सेक्टर-08, क्लब नंबर-14, मकान नंबर- 159, सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ शपथपूर्वक निम्न लिखित कथन करती हूं :-

1. यह कि मैने वर्ष 2021 में श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, मोवा, रायपुर छ.ग. से जी.एन.एम. नर्सिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की हूं जिसका मेरे द्वारा विधिवत रूप से छत्तीसगढ़ नर्सिंग कौशिल में अपना पंजीयन करवा ली हूं जिसमें मेरा पंजीयन क्रमांक - XXXII14412 है।
2. यह कि, उक्त जी.एन.एम. नर्सिंग की सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा दिनांक 08-04-2024 को मेरे निवास स्थान के आसपास कही गुम हो गया है काफी प्रयास के बावजूद प्राप्त नहीं हो पाया है उक्त सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा का मेरे द्वारा किसी प्रकार से दुरूपयोग नही किया गया है और ना ही किसी अन्य को प्रदान किया गया है तथा मेरे द्वारा उक्त सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा के गुम हो जाने के संबंध में संबंधित थाना विधान सभा रायपुर छ.ग. में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाया गया है।
3. यह कि मैं अपने जी.एन.एम. नर्सिंग सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा की द्वितीय प्रति को प्राप्त करना चाहती हूं जिस हेतु मेरे द्वारा विभाग के समस्त नियमों एवं शर्तों का पालन किया जावेगा।
4. यह कि यह शपथपत्र जी.एन.एम. नर्सिंग सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा की द्वितीय प्रति को प्राप्त करने के समर्थन में सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं। अतः मुझे जी.एन.एम. नर्सिंग सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा की द्वितीय प्रति को किये जाने की कृपा हो।

शपथकर्ती

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका क्रमांक - 1 से लेकर 4 तक की दी गई समस्त जानकारी सत्य व सही है। अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 28/05/2025

शपथकर्ती

**NOTICE ON- Merit and I.R. / Stay**
**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT CHHATTISGARH BILASPUR**

**NOTICE**

General Form
Writ Petition *(Habeas Corpus/Mandamus/Prohibition/Certiorari/Quo-Warranto)*

**WPL No. 149 of 2023**

MANAGER, NAIDUNIA — Petitioner
THE PRESIDENT — Respondent

To, Govind Prasad Chadar, S/o Anmol Prasad Chadar, Aged About 32 Years R/o Opposite GT Complex, Behind Dr. Jha Clinic, C/o- Jeevan Lal Yadav, Khamtarai Talab, Khamtarai, Dist. Raipur (Chhattisgarh)

Where as a petition has been made in the above case by the Petitioner for a writ of *(Habeas Corpus/Mandamus/prohibition/Certiorari/Quo-warranto)* under article 226/227 of the Constitution of India (copy of petition enclosed.)

Take notice that you are required to submit a return personally or through a duly engaged Advocate on or before **10/06/2025** if no return is filed as aforesaid, the petition will be heard and decided ex parte.

Given under my hand and the seal of the High Court of Judicature at Bilaspur this **26** day of **04/2025**.

Seal

By order of the High Court
ASST. REGISTRAR / SECTION OFFICER

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
रोयरा, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जलभराव समस्या को लेकर उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** राधास्वामी नगर में गंदे पानी का जलभराव की समस्या को लेकर बुधवार को उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राधास्वामी नगर जनविकास समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र त्रिपाठी सहित पूर्व पार्षद सरिता वर्मा ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि नाली निर्माण के स्थान परिवर्तन करने नगरीय प्रशासन विभाग को लिखे पत्र के संबध में शीघ्र प्रस्ताव स्वीकृत कराने का आग्रह किया। इसके अलावा अंतर्राज्यीय बसस्टैण्ड व टिकरापारा नाले का गंदा पानी दुधाधारी मठ के खेत से होकर राधास्वामी नगर में जाता है। सर्वोदय स्कूल से कॉलोनी वाली रोड में नाले का गंदा पानी ओवर फ्लो होने से आसपास के घरो में घुस जाता है जिसकी शिकायत वर्षों से कई बार जिलाधीश, नगर निगम आयुक्त से की है। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने भरोसा देते कहा कि इस समस्या का निराकरण किया जाएगा।

### प्रमाणित व्हीलचेयर सेवा प्रशिक्षण से बदलेगा जीवन



**रायपुर।** आकांक्षा लायंस इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट द्वारा मोटिवेशन इंडिया के सहयोग से डब्ल्यूएचओ व्हीलचेयर सेवा प्रावधान प्रशिक्षणः बेसिक स्तर का आयोजन 26 से 31 मई तक किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्च-गुणवत्ता वाली व्हीलचेयर सेवा वितरण के स्थानीय क्षमता के अनुरूप निर्माण किया जा सके। इसके लिये शिक्षकों, प्रमुख सरकारी अधिकारियों और फिजियोथेरेपी छात्रों को एक प्लेटफॉर्म में लाने का प्रयास किया जा रहा है। व्यक्ति को जैसी व्हीलचेयर की आवश्यकता उसी के अनुरूप यह व्हीलचेयर तैयार कैसे करेंगे प्रशिक्षण में इस बारे में बताया जा रहा है। मोटिवेशन इंडिया की संयोजक सुरभि अग्रवाल ने बताया कि आकांक्षा लॉयन्स इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एण्ड एम्पावरमेंट विगत 31 वर्षों से बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विकास हेतु सेवारत है। संस्था में लगभग 500 से अधिक बच्चों को स्पेशल स्कूल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### अहिल्या बाई होल्कर जयंती पर सफाई मित्रों का सम्मान



**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती केअवसर पर विविध आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में जोन 8 कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारी विशाखा तोपखाने वाले की उपस्थिति में देवी अहिल्या बाई होल्कर की जीवन प्रसंगों पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही जोन के 7 सफाई मित्र कर्मचारियों का सम्मान किया गया। साथ ही 11 महिला जन प्रतिनिधियों को मंच से सम्मानित होने का मौका मिला। कार्यक्रम वीर सावरकर नगर वार्ड पार्षद संदीप साहू, पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश, जोन सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाघव, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा सहित जोन कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### हीरापुर जरवाय बड़ा नाला की सफाई

**रायपुर ।** नगर पालिक निगम जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा हीरापुर जरवाय क्षेत्र के बड़े नाले की नाला सफाई गैंग टीम लगाकर सुगम निकास प्रबंधन कार्य सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। नाला सफाई कार्य की मानिटरिंग स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर की जा रही है।

# ओडिशा का 'वेडिंग पार्सल गिफ्ट बम', आरोपी को डबल आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- आरोपी ने रायपुर के कुरियर सर्विस से भेजा था पार्सल
- प्रिंसिपल से ईर्ष्या के कारण हत्या करने बनाई थी योजना





ओडिशा के चर्चित वेडिंग बम जिसका तार रायपुर से जुड़ा है, इस मामले को लेकर बलांगीर स्थित एक स्थानीय कोर्ट ने आरोपी को दोहरे आजीवन कारावास के साथ एक लाख 70 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने जिस आरोपी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है, उस आरोपी ने स्टेशन रोड स्थित एक कुरियर सर्विस से गिफ्ट के रूप में बम भेजा था, जिसे खोलने पर जबरदस्त विस्पोट हुआ और दूल्हा तथा उसकी दादी की मौत हो गई थी। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। कोर्ट ने पूंजीलाल मेहेर को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पूंजीलाल द्वारा पार्सल के माध्यम से भेजे गए बम से सॉफ्टवेयर इंजीनियर सौम्य शेखर साहू (26) तथा उसकी दादी जेमामणी मेहेर की मौत हुई थी। विस्फोट से सौम्य शेखर की पत्नी रीमा गंभीर रूप से घायल हुई थी।

बम विस्फोट की घटना बालंगीर पाटनगढ़ में 23 फरवरी 2018 को रिसेप्शन समारोह के दौरान हुई थी। अभियोजन पक्ष के वकील ने आरोपी को फांसी देने की कोर्ट से मांग की थी, जिसे कोर्ट ने रेयरेस्ट से रेयर केस मानने से इनकार करते हुए आरोपी को दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### ओडिशा पुलिस ने रायपुर में किया था खुलासा

पूंजीलाल मेहेर को ओडिशा पुलिस ने एक अज्ञात पत्र मिलने के बाद गिरफ्तार किया। पूंजीलाल ने फर्जी नाम किसी शर्मा के नाम से कुरियर बुक किया था। पैकेट की जांच करने पर ओडिशा पुलिस को रायपुर कुरियर कंपनी का पता मिला। इसके बाद ओड़िशा पुलिस पड़ताल करने रायपुर पहुंची थी। पकड़े जाने पर पूंजीलाल ने खुलासा किया कि वो इंटर कालेज में प्रिंसिपल था। उसकी जगह सौम्य शेखर की मां को कालेज का प्रिंसिपल बना दिया गया। इसी ईर्ष्या के चलते पूंजीलाल ने साजिश रची और रायपुर में फर्जी नाम से रहकर बम तैयार किया और गिफ्ट पैकेट बनाकर शादी समारोह में भेजकर विस्फोट कराया।

## 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की योजना भी अधूरी

# प्रस्तावित एल-2 ट्रामा की जगह बदलने पर विचार, मास्टर प्लान बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

गंभीर मरीजों के त्वरित उपचार के लिए प्रस्तावित एल-2 ट्रामा निर्माण की जगह बदलने पर एक बार फिर विचार किया जा रहा है। उसके निर्माण के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को स्वास्थ्य सचिव और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने आंबेडकर अस्पताल जाकर निरीक्षण के साथ योजना की जानकारी ली। वहां 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भी बनाने की योजना है।

आंबेडकर अस्पताल में एल-2 ट्रामा बनाने की योजना काफी पुरानी है, मगर इस पर अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। योजना तीन बार बनकर लटक चुकी है। अंतिम बार ट्रामा के प्रस्तावित भवन का विस्तार कर वहां 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भी बनाने की योजना की वजह से काम अटक गया था। मंगलवार को स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिखा राजपूत तिवारी ने योजना के बारे में जानकारी लेने के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया।

सूत्रों के अनुसार पुरानी जगह पर निर्माण से अस्पताल की सुंदरता प्रभावित हो सकती है, इसके साथ ही निर्माण के लिए मास्टर प्लान की आवश्यकता है। ट्रामा निर्माण के लिए ब्लड बैंक की ओर प्रस्तावित गेट के समीप की जगह पर विचार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि वहां ट्रामा के साथ क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किये जाने से गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों को आवश्यक जांच के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी, आंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल मौजूद थे।



### कोविड ओपीडी और वार्ड का जायजा भी

कोविड को लेकर आंबेडकर अस्पताल में की गई तैयारियों का भी उन्होंने जायजा लिया। उन्होंने प्रथम तल पर बनाए गए ओपीडी कक्ष के साथ गंभीर मरीजों के लिए बनाए गए आईसोलेटेड वार्ड के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने बैठक लेकर कोविड के साथ सामान्य मरीजों के उपचार के लिए पूरी गंभीरता बरतने के निर्देश दिए।

### दो साल से अटका हास्टल, जानकारी ली

मेडिकल कालेज में पढ़ाई करने एमबीबीएस और इंटर्नशिप करने वाले छात्रों के लिए नया हास्टल का निर्माण काफी धीमी गति से हो रहा है। हास्टल भवन के प्रथम तल बनाने के बाद आगे का काम पिछले दो साल से अटका हुआ है। सूत्रों का कहना है कि इसकी वजह से छात्रों को किराए के मकान में रहना पड़ रहा है। कालेज प्रबंधन अस्थायी व्यवस्था के तहत बड़े भवन की तलाश में जुटा हुआ है। दोनों अफसरों ने हास्टल के निर्माण कार्य के बारे में भी जानकारी ली।

# ईदगाह भाठा पानी टंकी से सारथी चौक तक पाइप लाइन का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे ने किया भूमिपूजन
- ब्राम्हणपारा वार्ड के धोबीपारा, पंचपथ पारा, सोहागा मंदिर के पीछे वाले एरिया में पानी की समस्या

गर्मी निकलने के बाद भी ब्राम्हणपारा वार्ड के धोबीपारा सामुदायिक भवन के पास, पंचपथ पारा, सोहागा मंदिर के पीछे वाले क्षेत्र में पेयजल समस्या का नगर निगम तोड़ नहीं निकाल पाया है। अब इस समस्या का समाधान करने ईदगाह भाठा पानी टंकी से सारथी चौक तक पाइप लाइन का विस्तार कार्य किया जायेगा। जल विभाग के अधिकारियों द्वारा सारथी चौक, लाखेनगर चौक और लीली चौक में पाइप लाइन जांच करने गड्ढा खोदने के बाद भी पेयजल समस्या दूर नहीं होने पर ईदगाह भाठा पानी टंकी से सारथी चौक तक पाइप लाइन विस्तार की तैयारी है।

बुधवार को रायपुर दक्षिण क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे ने ईदगाह भाठा पानी टंकी से ब्राम्हणपारा वार्ड के सारथी चौक तक पाइप लाइन विस्तार कार्य का कुदाल चलाकर शुभारंभ किया। इस पर 38 लाख रुपये खर्च आयेगा। श्री सोनी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल ब्राम्हणपारा वार्ड में पाइप लाइन विस्तार का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करवाने के निर्देश दिये, ताकि वार्ड के रहवासियों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। उन्होंने बार-बार किये जाने वाले गड्ढों को लेकर अधिकारियों के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की। भूमिपूजन कार्यक्रम में जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, एमआईसी सदस्य सरिता दुबे, अमर गिदवानी, वार्ड पार्षद अजय साहू, पूर्व पार्षद प्रेम बिरनानी, मंडल अध्यक्ष संतोष सोनी, विनय ओझा, जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, नगर निगम जल कार्य विभाग और जोन के अधिकारी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# सेनेटरी अपशिष्ट के निपटान के प्रति जागरूकता लाने कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




- अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर महापौर ने रेड डॉट अभियान के पोस्टर का किया विमोचन
- प्रतिभागी लाल रंग की साड़ी और सूट पहनकर आईं

महात्मा गांधी सदन में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर रेड डॉट अभियान की शुरुआत हुई। महापौर मीनल चौबे ने इस अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर सेनेटरी अपशिष्ट के पृथक्करण के प्रति जागरूकता लाने कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी लाल रंग की साड़ी और सूट पहनकर पहुंचीं।

महापौर मीनल चौबे ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी जी देश के स्वच्छता अभियान के सारथी हैं। आज स्वच्छता संबंधी जागरूकता जन-जन तक पहुंच रही है। महापौर ने कहा कि एक दौर था जब महावारी के बारे में बात करने से हिचक होती थी, लेकिन आज स्वच्छ भारत अभियान में सेनेटरी अपशिष्ट के निपटान पर भी बात हो रही है। मीनल चौबे ने कार्यशाला में उपस्थित एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, अधिकारियों, विशेषज्ञों, स्वच्छता दीदियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं से अपील की है कि वे सेनेटरी पैड के निपटान की जागरूकता जन-जन तक पहुंचायें, ताकि रायपुर शहर को सफाई में अग्रणी बनाकर स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल स्थान पर लाया जा सके।

कार्यशाला में शामिल स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने कहा कि सेनेटरी अशिष्ट को सामान्य कचरे से अलग रखें। पीले रंग के बैग या विशेष डिब्बों में इसका संग्रहण किया जाए। जब हम मासिक धर्म स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन को गंभीरता से लेंगे, तभी हम स्वस्थ, स्वच्छ और जागरूक समाज की ओर बढ़ पाएंगे। कार्यशाला को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि महावारी कोई अशुद्धि नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक क्रिया है। कार्यशाला का संचालन नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने किया। इस अवसर एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, सुमन-अशोक पांडे, सरिता दुबे, पार्षद रामहिन कुर्रे, प्रमिला-बल्लाराम साहू उपस्थित रहीं।

# नगर एवं ग्राम निवेश का दफ्तर हुआ जर्जर, सफाई व्यवस्था भी ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहर की जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर मास्टर प्लान तैयार करने वाला नगर एवं ग्राम निवेश विभाग का कार्यालय ही जर्जर हो गया है। शास्त्री चौक के पास पुराना आरडीए बिल्डिंग में नगर एवं ग्राम निवेष विभाग का कार्यालय है। यह बिल्डिंग सालों पुरानी है, जिसके कारण जर्जर हो चुकी है।

पुरानी बिल्डिंग होने के कारण न ही इसका मेंटनेंस भी नहीं किया जा रहा है और न ही बिल्डिंग में नियमित सफाई की जा रही है, जिसके कारण बिल्डिंग की सीढ़ियों से लेकर परिसर में जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। इसके कारण इस बिल्डिंग में आने-जाने वाले विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम लोगों को भी गंदगी और उससे उठने वाली दुर्गंध से परेशान होना पड़ता है।



### कार्यालय को शिफ्ट करने विभाग ढूंढ रहा खाली भवन

जर्जर हो चुकी बिल्डिंग को देखते हुए नगर एवं ग्राम निवेष विभाग के अधिकारी भी अब कार्यालय को दूसरे भवन में शिफ्ट कराना चाहते हैं। इसके लिए विभाग ने मुख्यालय को मांग पत्र भी भेजा है, जिसमें दूसरे भवन की मांग की गई है। बताया जा रहा है कि इस मांग पत्र को मंजूरी मिल चुकी है, जिसके बाद से विभाग कोई खाली पड़े ऐसा भवन तलाश कर रहा है, जहां कार्यालय को शिफ्ट किया जा सके।

# पांच मिनट के अंतराल में दो मोबाइल की लूट, बदमाशों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- डीडी नगर इलाके रात की घटना, बदमाश फरार

डीडी नगर इलाके में पांच मिनट के भीतर बदमाश मोबाइल लूट की दो घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो गए। पहली घटना सेक्टर 1 और दूसरी रोहिणीपुरम में हुई। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है मगर उनके बारे में सुराग नहीं मिल पाया है।जानकारी के अनुसार टाटीबंध में रहने वाले ओमप्रकाश साहू अपने किसी काम से डीडी नगर सेक्टर 1 आए थे। सड़क किनारे वे अपने मोबाइल पर बात कर रहे थे इसी दौरान दुपहिया वाहन में सवार होककर पहुंचे बदमाश उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। 9.10 बजे हुई इस घटना के पांच मिनट बाद इसी तरह की लूट को केंद्रीय भू-जल सर्वेक्षण ऑफिस के समीप अंजाम दिया गया। लोकमान्य सोसायटी रोहिणीपुरम में रहने वाले वैदुर्य निगम रात्रि लगभग 9.15 बजे पैदल टहल रहे थे। भू जल सर्वेक्षण ऑफिस के सामने एक सफेद रंग की स्कूटर में आया लुटेरा उनके हाथों से मोबाइल छीनकर भाग खड़ा हुआ। बदमाश ने अपने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। प्रार्थी ने कुछ दूर दौड़ कर उसे पकड़ने की कोशिश की और उसकी पुकार पर चौपाटी के आस पास के लोगों ने भी रालास इंक्लेव तक उसका पीछा भी किया लेकिन बदमाश भागने में सफल हो गया। दोनों शिकायतों पर डीडी नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आशंका है कि दोनों घटनाओं को किसी एक ने अंजाम दिया है।

### शुरू हुआ विमानों का मानसून ऑफर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर को तीन शहरों से जोड़ने वाली स्टॉर एयर लाइन कंपनी द्वारा अपने यात्रियों को 1299 में हवाई सफर की सुविधा देगी। मानसून सेल के तहत 25 मई से 31 मई के बीच बुकिंग विंडो इकोनॉमी क्लास में 1299 और बिजनेस क्लास में 3099 में टिकट बुक कराया जा सकता है। बुक कराए टिकट में 30 सितंबर तक यात्रा करने की सुविधा भी दी जा रही है। घोड़ावत ग्रुप की एविशन शाखा द्वारा भारतभर में स्टॉर एयर के विस्तारित नेटवर्क का लाभ उठाने का मौका प्रदान कर रही हैं। यह विशेष सेल उसके यह विशेष सेल उसके चुनिंदा मार्गों पर लागू है, जो सीटों की उपलब्धता और नियमों एवं शर्तों के अधीन है। स्टार एयर रायपुर झारसुगुड़ा, हैदराबाद और बेंगलुरु से जोड़ने वाली फ्लाइट का संचालन करती है।

- गरमी से धान सूखा और वजन हो गया कम
- घाटे का जिम्मा सोसाइटी प्रबंधकों के सिर

# 1400 केंद्रों में 7 हजार 508 मीट्रिक टन धान का शार्टेज, 17 करोड़ का घाटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उपार्जन केंद्रों के रिकार्ड के मिलान से ये तथ्य सामने आया है कि राज्य के करीब 1400 धान उपार्जन केंद्रों में 7 हजार 508 मीट्रिक टन धान का शार्टेज है। माना जा रहा है कि यह धान भीषण गर्मी की वजह से सूखने से वजन कम हो गया। सहकारिता क्षेत्र में इसे सूखत के नाम से जाना जाता है। अब शार्टेज धान की भरपाई उन सोसाइटी प्रबंधकों से करवाई जाएगी, जिनके उपार्जन केंद्रों में यह धान कम हुआ है।

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन के धान को लेकर लगातार आशंकाए सामने आ रहीं थीं कि गरमी की वजह से धान सूखने से वजन में कमी आएगी। हरिभूमि ने भी इस संबंध में अलग-अलग समय पर रिपोर्ट प्रकाशित की है। वजह साफ है, धान की खरीदी पिछले साल 14 नवंबर से शुरू हुई थी जो 31 जनवरी तक जारी रही। इसके बाद फरवरी, मार्च, अप्रैल से लेकर मई का महीन भी समाप्त होने का आया है, लेकिन राज्य के 33 में से 28 जिलों में धान का पूरा उठाव या परिवहन नहीं हो सका है, जबकि इस धान का परिवहन प्रशासन को 28 फरवरी तक कर लेना था। उपार्जन केंद्रों में अभी भी करीब 92 लाख मीट्रिक टन धान का जमाव मार्कफेड के रिकार्ड में दिख रहा है।

### अभी आधे केंद्रों का ही हुआ है मिलान

सहकारी क्षेत्र के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य में अब तक 1400 केंद्रों के धान के हिसाब का मिलान किया गया है। उसमें ही 7 हजार 508 मीट्रिक टन की कमी आई है। धान की कमी होने पर मार्कफेड सोसायटी प्रबंधकों से 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली कर रहा है। इस हिसाब से यह मामला 17 करोड़ रुपयों से अधिक के घाटे का है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि राज्य में कुल मिलाकर 2 हजार 739 सोसायटियां अपने हजारों उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदती है। लेकिन ये हिसाब पूरा नहीं हुआ है। अभी घाटे का आंकड़ा 1400 केंद्रों का है। जब सभी सोसायटियों के उपार्जन केंद्रों का मिलान होगा तो यह आंकड़ा एक बड़े घाटे का आकार लेगा यह तय है।



फाइल फोटो

### सोसाइटी प्रबंधकों के सिर घाटा

धान में सूखत का घाटा सोसाइटियों के प्रबंधकों के सिर जाना भी तय है। रायपुर जिले में ही दो दर्जन से अधिक सोसाइटियों में करोड़ो का शार्टेज है। प्रबंधकों को नोटिस मिला है, जिसमें शार्टेज धान की कीमत 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से देने या शार्टेज धान की मात्रा देने का कहा जा रहा है, वरना एफआईआर कराने की चेतावनी भी है। धान में शार्टेज के पीछे वजह ये है कि जब धान खरीदा जाता है, तो उसमें 17 प्रतिशत की नमी होती है। खरीदी के बाद धान उपार्जन केंद्रों में रखा जाता है, लेकिन महीनों तक उठाव नहीं होने के कारण धान सूखता है और उसका वजन कम होता है।



02



फैमिली रेस्टोरेंट- मैरिज पैलेस में सिनरी ...


**लाइव इवेंट**

## छत्तीसगढ़ के पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में 'छत्तीसगढ़ के पारंपरिक चिकित्सक स्वदेशी ज्ञान प्रणाली के संरक्षण' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के 25 जिलों के लगभग 172 पारंपरिक चिकित्सक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, छग आदिवासी जनजातीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम और जेएसीएस राव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके पात्रा ने की।

### कार्यशाला में 172 चिकित्सकों की उपस्थिति

कार्यशाला में एकीकृत चिकित्सा प्रणाली के संदर्भ में चर्चा की गई। व्याख्याताओं ने प्रमुखता से पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के चिकित्सकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में प्रत्येक जिले, संभाग में औषधियुक्त पौधे बगीचे का निर्माण होना चाहिए, ताकि औषधि पौधों से आने वाली पीढ़ी को लाभ मिल सके। पारंपरिक चिकित्सकों के ज्ञान को संग्रहित और संरक्षित किया जाना आवश्यक है। इन दिनों पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली का ज्ञान राज्य के ग्रामीण और सुदूर अंचल के लोगों तक सीमित रह गया है, जिसे शहरी व विकसित क्षेत्रों में भी बढ़ावा देने की जरूरत है।कार्यशाला में 172 चिकित्सक उपस्थित थे।



**पैरेंट्स बच्चों को डायटिशियन की सलाह पर फॉलो कर रहे डाइट चार्ट**

# एक दशक में बदली खान-पान की शैली, पैरेंट्स ने बच्चों को मोटापा से बचाने नाश्ता, लंचबॉक्स, डिनर का भी बदल दिया मैन्यू

**युवा, बच्चे, बुजुर्ग सबके सेहत का राज संतुलित पोषणयुक्त खान-पान है, लेकिन शहर में पिछले 10 सालों में खाना-पान को लेकर लाइफ स्टाइल में काफी तेजी से बदलाव हुआ है। इसका सीधा असर न्यू जनरेशन के सेहत यानी 10 से 17 के बच्चों व 18-35 वर्ष के युवाओं पर पड़ा है। नतीजा तेजी से बदली आहार-पोषण शैली से बच्चों में मोटापा के केसेस बढ़ गए हैं। इससे छोटी उम्र के बच्चों में मधुमेह जैसी बीमारी की संभावना बढ़ गई है।**





**डायटेशियन कर रहे पैरेंट्स और बच्चों का काउंसिलिंग**

**रायपुर।** ऐसे स्थिति से बच्चों को बचाने और उन्हें संतुलित पोषण-आहार देने पैरेंट्स ने डायटिशियन के सुझाए डाइट चार्ट के मुताबिक हेल्दी ब्रेकफास्ट, लंचबॉक्स, डिनर मेन्यू को शामिल करना शुरू किया है। वहीं, युवाओं ने भी जिम वर्कआउट व ऑफिस वर्क के दौरान खुद को फीट रखने हेल्दी खान-पान पर अब ध्यान देना शुरू किया है। यह हम नहीं कह रहें, बल्कि शहर के जाने माने न्यूट्रिशियन, डाइटेशियन बता रहे हैं। हरिभूमि ने शहर में बदलते मौसम, खान-पान की शैली से खासकर बच्चों, युवाओं की सेहत पर पड़ रहे, प्रतिकूल प्रभाव से बचाने किस तरह की जागरूकता पैरेंट्स व युवा करें, इसको लेकर शहर के जाने माने न्यूट्रिशियन, डाइटिशियन से बातचीत की। इसमें यह बात निकलकर सामने आई कि जिम में वर्कआउट करते समय शरीर का उचित मात्रा में प्रोटिन मेंटेन करने हो या पैरेंट्स बच्चों की बढ़ती वजन व मोटापा से छुटकारा पाने, वे सभी हेल्दी खान-पान के लिए उनसे अप्रोच कर रहे हैं। जहां उन्हें संतुलित आहर डाइट चार्ट मैन्यू के मुताबिक मेंटेन कराया जा रहा है।



### मौसमी फल और सब्जियां करें शामिल

*न्यूट्रिशनिस्ट और डायटेटिक्स डॉ. सारिका श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम के अनुरूप सूप, ताजे पके फल फायदेमंद होते हैं। मौसमी फल और सब्जियां सबसे ज्यादा पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और शरीर को मौसम के अनुरूप ढालने में मदद करते हैं। जिस तरह गाजर, चुकंदर, पालक और मूली फायदेमंद होते हैं, तो गर्मियों में खीरा, टमाटर, लौकी, करेला, तरबूज और बेल का जूस सेहत के लिए फायदेमंद होता है।*

### वजन के 5 गुना पीएं पानी प्रति ग्राम वेट लें प्रोटिन

*न्यूट्रिशियन व डायटिशियन डॉ. पूजा द्विवेदी ने बताया कि युवाओं खासकर जो जिम वर्क आउट करते हैं, उन्हें वजन के अनुपात में प्रति ग्राम प्रोटिन की मात्रा लेना उचित है। वहीं, वजन के पांच गुना रोजाना पानी पीएं। इससे थकान व डिहाइड्रेशन से बचने में आसानी होगी। वहीं, डाइट्स में दूध, जौ का सतू, नारियल पानी लेना सही होगा। फलों को भी टेस्ट अनुसार शामिल कर सकते हैं।*

### बच्चों के लिए हेल्दी पोषण-आहार

न्यूट्रिशनिस्ट और डायटेटिक्स के मुताबिक सूजी के उपमा, दलिया, स्प्राउट्स, ब्राउन ब्रेड, जेम, रोटी-सब्जी, खिचड़ी, ब्राउन राइस, सूजी के इडली, ओट्स का चीला, हल्दी वाला दूध जैसे पोषण-युक्त संतुलित डाइट चार्ट के मुताबिक बच्चों के पैरेंट्स को उनका ब्रेकफास्ट, लंचबॉक्स, डिनर बनाने की सलाह दे रहे हैं। तली-भूंची, जंक फुड्स, पैकेट्स फुड्स को लेने से मना कर रहे हैं।

### इम्यूनिटी बूस्टर चीजें अपनाएं

बदलते मौसम में वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में हल्दी वाला दूध, अदरक, तुलसी, शहद, आंवला कैंडी, गिलोय और विटामिन सी युक्त चीजें अपने आहार में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा रात को सोने से पहले हल्दी वाला दूध या अदरक-शहद की चाय पीएं, ताकि इम्यूनिटी मजबूत बनी रहे।

## रूरल हेल्थ रिसर्च पर डॉक्टर्स ने पेश किए सात शोधपत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में संचालित मॉडल रूरल हेल्थ रिसर्च यूनिट लोकल रिसर्च एडवाइजरी कमेटी एलआरएसी की सातवीं महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इसमें आईसीएमआर जबलपुर के नेतृत्व और दिशा-निर्देशों में छत्तीसगढ़ में संचालित मॉडल रूरल हेल्थ रिसर्च यूनिट में शोध प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। यह मीटिंग पहली बार इस शोध संस्थान के नवनिर्मित भवन दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के झीट में हुई। आईसीएमआर के डायरेक्टर डॉ. आरआर तिवारी के स्वागत उद्बोधन दिया। इसके बाद एलआर ए.सी के चेयरपर्सन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरविन्द नेरल ने अब तक के शोध कार्यों का उल्लेख करते हुए इस नवनिर्मित भवन के विधिवत उद्घाटन का जिक्र किया। स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. खेमराज सोनवानी इस कार्य के लिए सतत प्रयासरत हैं। आईसीएमआर की वरिष्ठ वैज्ञानिक-ई डॉ. तनु आनन्द इस मीटिंग में ऑनलाइन सम्मिलित हुईं। चेयरपर्सन डॉ. अरविन्द नेरल ने जानकारी दी कि इस मीटिंग में सात शोध प्रस्तावों पर चर्चा की गई। चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉ. आशीष सिन्हा ने क्षय रोग से सम्बन्धित दो प्रस्ताव रखे। जिनमें एक इस रोग से होने वाले आहार अवयवों की कमी और दूसरा क्षय रोगी के सम्पर्क में आने वाले परिवार के अन्य सदस्यों पर इसके फैलाव से सम्बन्धित हैं। एम्स रायपुर के बायोकेमेस्ट्र विभाग की प्रोफेसर डॉ. सुपर्वा पटेल के शोध प्रस्ताव में क्रॉनिक किडनी डिसीज (सीकेडी) में कृषि क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले रसायनों की भूमिका का उल्लेख है। एम्स की ही एडिशनल प्रोफेसर डॉ. सीमा शाह अपने शोध में सिकलसेल रोगियों में आयरन (लौह तत्व) की कमी और उसके कारणों का पता लगाएंगी। चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नेहा सिंह ओरो-जेनाइटल लिजन्स में हरपिज सिम्पेक्स वायरस 1 और 2 पर अपना शोध करेंगी। आईसीएमआर जबलपुर के वैज्ञानिक डी डॉ. रवीन्द्र कुमार प्रसव उपरांत होने वाले रक्तस्त्राव की ज्यादा अच्छे और कारगर जांच तरीकों पर रिसर्च केन्द्रित करेंगे।



### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े डॉक्टर्स

डॉ. निशान्त सक्सेना ने अपने ऑनगोइंग शोध पर अब तक हुई प्रगति और भविष्य में सम्बन्धित गतिविधियों की जानकारियां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सदस्यों को दी। इन सभी शोध प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श कर इन्हें एलआरएसी अनुमति प्रदान करती है और तदानुरूप आईसीएमआर से शोध पूर्ण करने के लिए वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक बैठक में एम्स की प्रोफेसर डॉ. इलि महापात्रा, प्रोफेसर डॉ. जयश्री घाटे और एमआरएचआरयू के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

## नृत्य नाटिका से सजेगा सांस्कृतिक उत्सव, प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**रायपुर।** राष्ट्रीय बंगाली सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान की पहल पर इस साल 31 मई को बंगाली समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर को खास बनाने के लिए सिविल लाइन स्थित वृन्दावन हाल में नृत्य नाटिका से सांस्कृतिक उत्सव को भी सजाने की तैयारी संस्थान से जुड़ी महिलाओं ने की है। यह जानकारी बुधवार को संस्थान की अध्यक्षा महुआ मजुमदार, श्वेता घोरुई, प्रिया पति, शीला सरदार, पारोमिता ने दी। इस दौरान प्रभात ने बताया कि समाज के द्वारा लोगों को बंगाली लिखना-पढ़ना भी सिखाया जा रहा है, ताकि बंगाली कला और संस्कृति को कायम रखा जा सके।



### 11 संस्थाओं व 11 प्रतिभाओं का सम्मान

वार्ता के दौरान रुपाली चक्रवर्ती ने बताया कि संस्था की अध्यक्षा के मार्गदर्शन में यह आयोजन पहली बार किया जा रहा है। इसमें 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित करने वाले 11 छात्र- छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही बंगाली समाज के विभिन्न कालीबाड़ी समिति एवं 11 संस्थाओं को कला संस्थान द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में बाल कलाकार रुद्रनील पति भी सहयोग देंगे। इसके लिए सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी मेंबर्स को आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी बांटी गई है।

**सिटी इवेंट**

## लोक नृत्य-संगीत के प्रतिभागियों में उत्साह समापन अवसर से पहले तैयारी हुई तेज

**रायपुर।** महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में आकार-2025 ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया है, जहां 15-31 मई तक लोक संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ी लोक नृत्य, संगीत एवं शिल्प कला का प्रशिक्षण दिया जा रहा। आकार के अंतिम दिन 31 मई को कई विधाओं की मंचीय प्रस्तुति देखने को मिलेगी, जिसकी तैयारी सुबह-शाम दोनों पालियों में की जा रही है। इस वर्ष मंच पर लोक संगीत की धूम रहेगी, जिसमें भरथरी, जोकर गम्मत, सुआ नृत्य, डंडा नृत्य जैसे विशेष पारंपरिक लोक संगीत व नृत्य दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।



### 800 से अधिक पंजीयन

इस वर्ष आकार के समापन अवसर पर कला गुरुओं का सम्मान एवं प्रतिभागियों का प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम भी होने जा रहा। अंतिम दिन कला शिल्प की प्रदर्शनी और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य व संगीत की मंचीय प्रस्तुति देखने को मिलेगी। कार्यक्रम प्रबंधक युगल तिवारी ने बताया कि शिविर में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है, जो 15 से अधिक विधाओं में प्रशिक्षण ले रहे हैं।



### जोकर गम्मत आकर्षण का केंद्र

*अंतिम दिन लोक गीत, लोक संगीत, भरथरी, गम्मत, डंडा नृत्य, वाद्य यंत्र और नाटक की मंचीय प्रस्तुति होने जा रही। इसमें कई प्रतिभागी ऐसे हैं, जो मंच पर पहली बार पारंपरिक लोक नृत्य व संगीत की प्रस्तुति देने जा रहे हैं। शिविर में जोकर गम्मत की मंचीय प्रस्तुति की तैयार चल रही है। यह प्रस्तुति व्यक्ति के जीवन पर आधारित है। गीत के माध्यम से गुरु-शिष्य के संवाद और जीवन की सत्यता को दर्शाया गया है। आकार में 5 से 75 साल के लोग प्रतिभागी स्वरूप हिस्सा ले रहे हैं, जो अंतिम दिन भी मंच पर प्रस्तुति के दौरान शामिल होंगे।*

**स्कूल शिक्षा विभाग एवं एनसीईआरटी ने स्टेट लेवल पर दिया मौका, तो निखर कर सामने आए युवा**

# सूर्य नमस्कार, ताड़ासन जैसी मुद्राओं से दिखाया दम अब कन्याकुमारी के लिए प्रतिभाओं का सलेक्शन

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** कम ही देखने को मिलता है जब युवा सूर्य नमस्कार, ताड़ासन सहित योग की अलग-अलग मुद्रा का प्रदर्शन करते मिलें। स्कूल शिक्षा विभाग एवं एनसीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन किया गया। बुधवार को आकाशवाणी चौक स्थित प्रो.जे एन पाण्डेय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सभागर में स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर के खिलाड़ियों ने शिरकत की। शानदार मुकाबले के बीच रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग से 16-16 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, योग मुद्रासन, त्रिकोणासन, बाधा पद्मासन, चक्रासन, वृक्षासन, कपालभारती, प्राणायाम जैसे 40 से अधिक योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया।



### इन युवा खिलाड़ियों का चयन



समर्थ पाध्ये, मृदुल सिंह ठाकुर, पायल निर्मलकर, सीमा वर्मा, गुनगुन सिंह, दामिनी निर्मलकर, साहिल जंघेल, हिमेश निर्मलकर, गीतंजय, आदित्य साहू, प्रियंका बांधे, तान्या साहू, मुस्कान बंजारे, अंशु साहू, गीतेश्वर, राहुल साहू का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

### योगाभ्यास के धुरंधर करेंगे प्रदर्शन

चयनित खिलाड़ियों को योगा ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका भी मिलेगा। यह प्रतियोगिता 15 से 18 जून तक कन्याकुमारी (तमिलनाडू) में होने वाली है। इसमें 6वीं से 10वीं तक के छात्रों को मौका दिया गया है। कार्यक्रम संचालक नुरेंद्र कुमार ने बताया कि योगा ओलंपियाड में पहली बार शासकीय विद्यालय के अलावा निजी विद्यालय के छात्रों को भी मौका मिलने वाला है। स्पर्धा में निर्णायक के तौर पर दुर्ग से रितू रेखी, बस्तर से विजय पटेल, बिलासपुर से संदीप कुर्रे और रायपुर से संतोष शर्मा होंगे। इनके मार्गदर्शन में योगाभ्यास के धुरंधर प्रदर्शन करेंगे।

### शरीर में लचीलापन के लिए वार्मअप जरूरी

रायपुर संभाग से समर्थ पाध्ये, मृदुल सिंह ठाकुर प्रतियोगिता में शामिल हुए, जिन्होंने बीते वर्ष राज्य का प्रतिनिधित्व किया था। योगासन के दौरान स्वस्थ शरीर का होना जरूरी है, जिसके लिए रोजाना वार्मअप किया जाता है। बीते वर्ष अन्य राज्यों के खिलाड़ियों की तुलना में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों में फुर्ती और तंदुरुस्ती की कमी नजर आई, जिसके कारण इस वर्ष एक साल पहले ही कड़ी तैयारी शुरू की है। योगाभ्यास के दौरान शरीर में लचीलापन लाने के लिए 30-40 मिनट वार्मअप करना जरूरी है।



सिटी लाइव

## यादव महासभा के नेतृत्व में रज कलश यात्रा का शुभारंभ




**रायपुर।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत वर्ष में रज कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मंजू यादव के नेतृत्व में 114 अहीरों के शहादत की याद में यादव समाज द्वारा रज कलश यात्रा की शुरुआत घड़ी चौक में भव्य पुष्प वर्ष के साथ की गई। इस मौके पर श्री कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज ट्रस्ट के सदस्य व पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं का उत्साहवर्धन कर उनके कार्य को सराहा गया।

### देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि

देश में भारतीय सैनिकों का इतिहास साहस, बलिदान और बहादुरी के किस्सों से भरा है। ऐसे में रेजांगला युद्ध में शहीद होने वाले लगभग 120 जवानों ने वीरता का परचम लहराया। साल 1962 में चीन के हजारों सैनिकों को भारतीय जवानों ने मार गिराया था। कलश यात्रा की शुरुआत जवानों को श्रद्धांजलि देकर व माल्यार्पण के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान शोभा यात्रा घड़ी चौक से रजबंधा मैदान, लोकायन भवन की ओर से होती हुई हुए गुजरी, जहां लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस मौके पर श्री कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष करूणा यादव, सचिव निशा यादव, कोषाध्यक्ष वर्षा रितु यादव, सह सचिव त्रिवेणी यादव, संध्या यादव, जया यादव, रोमनाथ यादव, भूपेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, नारायण यादव, हर्ष यादव, यादव समाज से राजेश यादव व अन्य कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे।

> ‘शादी और सगाई के इस सीजन में लोग मैरिज पैलेस की ओर रूख करने लगे हैं। जहां उन्हें अब हाल में सिनरी पर उकेरी गई कृतियों के सहारे आकर्षक माहौल देने का प्रयास नहीं किया जाता है। यह चलन खत्म-सा हो गया है। अब शहर के युवा आर्टिस्टों ने लोगों को म्यूरल आर्ट में रंगों का समावेश करते हुए प्रकृति के बीच होने का एहसास कराते हैं। रेस्टोरेंटों में राधा-कृष्ण की अलग-अलग मुद्रा में कृतियों को उकेरते हुए डिफरेंट लुक देने लगे हैं। इसका अब शहर में तेजी से क्रेज भी बढ़ने लगा है।’



# फैमिली रेस्टोरेंट- मैरिज पैलेस में सिनरी की जगह म्यूरल आर्ट से वॉल पेंटिंग का बढ़ रहा क्रेज

## आर्टिस्टों से लोग बनवा रहे संस्थापकों की पेंटिंग, ग्राहकों को दे रहे प्रकृति की छटा और धार्मिक माहौल

**रायपुर।** शहर की आबोहवा ही नहीं, अब दो दशक पहले प्रचलित सजावट का तौर-तरीका में भी बदलाव देखने को मिलने लगा है। समय के साथ घर-आफिस की दीवारों को 2डी, 3डी डिजाइन में खास लुक देने म्यूरल प्रिंट का इस्तेमाल तेजी से किया जा रहा है। इस आर्ट से जिन कला-कृतियों को आकार दिया जाता है, उसे लोग भी पसंद करने लगे हैं। इन दिनों रेस्टोरेंट ही नहीं, मैरिज पैलेस में आने वाले ग्राहकों को कृष्ण-राधा की अलग-अलग मुद्राओं में कृतियों के साथ ही उनके पैरों के प्रतीक, बांसुरी के साथ ही मोर पंख, मोर ज्यादा बनवा रहे हैं। इस आर्ट से शहर के सैकड़ों युवाओं को रोजगार का अवसर मिलने लगा है।

### कम बजट में मिल रही आकर्षक कृतियां

आर्टिस्ट बताते हैं कि लोग पूजा कक्ष, गेस्ट रूम को खास लुक देन चाहते हैं। कम खर्च में अलग लुक देने का शौक रखने वाले लोगों को 60 से 300 रुपए प्रति वर्गफीट की दर पर बेहतर कृतियां मिल रही हैं। लोग थ्रीडी थीम और म्यूरल आर्ट से अब मैरिज हाल, पैलेस, रेस्टोरेंट और फैमिली रेस्टोरेंट को खास तौर से सजाने में रुचि लेने लगे हैं। इससे उन्हें दीवारों को कम बजट में आकर्षक बनवाना पसंद आने लगा है।



### प्रचलित सिनरी की तरह ही वॉल पेंटिंग

*थ्रीडी डिजाइन में हाइपर म्यूरल से प्राकृतिक छटा के बीच अलग-अलग तरीके का आर्ट भी लोग बनवाते हैं। अब इंटीरियर से डिजाइन बनवाने के बाद म्यूरल आर्ट और थ्रीडी डिजाइन में कृतियों को तराशने के लिए भी आर्डर दे रहे हैं। अजय-विजय ने बताया कि लोग अपने आफिस में भी भगवान के अलग-अलग स्वरूप को कुछ अरसे पहले तक प्रचलित सिनरी की तरह ही वॉल पेटिंग का हिस्सा बनाना पसंद करते हैं। इससे काम मिलने से इसमें रुचि रखने वाले कलाकार पढ़ाई के साथ ही इसे स्वरोजगार के रूप में भी अपना रहे हैं। इससे जहां परिवार को आर्थिक मदद मिल रही है, वहीं वे अपना खर्च भी वहन करते हैं।*

### काम लेकर युवा टीम वर्क से करते हैं पूरा



युवा इस हुनर से लोगों को जोड़ने में सफल हैं। विनोद पांडा ने बताया कि थ्रीडी डिजाइन, वॉकथ्रू डिजाइन, वीएफएक्स डिजाइनिंग और क्रिएटिव वर्क हो या इंटीरियर आर्ट, गार्डन की तरह, लोग मीटिंग हाल को भी सजाने लगे हैं। कई मंदिर प्रबंधन के लोगों ने कृष्ण जन्माष्टमी और शिवरात्रि तक कृतियों को उकेरने के लिए आर्डर किया है। सभी प्रकार के क्रिएटिव वर्क, कंस्ट्रक्शन वर्क आर्ट से रिलेटेड कृतियों को बनवाने के लिए लोग संपर्क करते हैं। युवाओं का ग्रुप ही काम लेता है और उसे समय पर पूरा करके देने के लिए टीम वर्क की तरह काम करता है। पूल वर्क, पुट्टी पेंट पॉलिश, टेक्सचर रस्टिक वर्क गार्डनिंग, मैरिज हॉल के साथ ही प्राइवेट संस्थाओं में वॉल पेंटिंग का क्रेज बढ़ने लगा है।

सिटी इवेंट

## महोत्सव में बुद्ध शांति पार्क निर्माण की बनेगी सहमति



**रायपुर।** भोंगापाल बुद्ध महोत्सव के आयोजन की तैयारी जोर पकड़ रही है। इसमें 25 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे। आयोजक केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम और संयोजक अनिल खोबरागढे ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मौजदूगी में 1 जून को कोंडागांव-नारायणपुर जिला अंतर्गत भोंगापाल में भी बुद्ध महोत्सव का गरिमामय आयोजन होने जा रहा है। बस्तर में युद्ध नहीं, बुद्ध की शांति के लिए ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दृष्टिगत रखते हुए बुद्ध महोत्सव के राज्य स्तरीय आयोजन में अद्भुत, अद्वितीय और अनुपम बुद्ध शांति पार्क निर्माण करने के लिए सहमति के बाद पहल की जाएगी।

### मूर्तियां और अवशेष क्षेत्र में बिखरे

महासमुंद के सिरपुर में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध स्थल अपनी ऐतिहासिकता और समृद्ध पुरातात्विक विरासत के साथ मौजूद है। इसके बाद प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा बौद्ध स्थल बस्तर अंचल के भोंगापाल में है। जहां पर पुरातात्विक ऐतिहासिक महत्व की बौद्धकालीन कई मूर्तियां और अवशेष क्षेत्र में बिखरे हैं। इसे संरक्षित और संवर्धित करने के लिए पुरातत्व स्थल घोषित करने के लिए भोंगापाल बुद्ध महोत्सव आयोजन समिति केन्द्रीय पुरातत्व विभाग सहित छत्तीसगढ़ शासन और पुरातत्व विभाग को प्रस्ताव भी भेजेगी। महोत्सव की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। साथ ही डिप्टी सीएम विजय शर्मा और मंत्री रामविचार नेताम भी शामिल होंगे।

## भागवत सुनने से होता है पापियों का उद्धार मंगल कलश के साथ निकली शोभायात्रा

**समता कालोनी स्थित श्री खाटू श्याम प्रांगण में शाम 4 से 7 बजे तक होगी कथा**



**रायपुर।** श्रीमद् भागवत कथा के महात्म की चर्चा करते हुए व्यासपीठ से डॉ. संजय कृष्ण सलिल महाराज ने बुधवार को पहले दिन की कथा में बताया कि किस तरह से महारानी भक्ति के पुत्र ज्ञान व वैराग्य को सनकादिक ऋषियों द्वारा भागवत कथा श्रवण कराने के प्रभाव से पुण्य की प्राप्ति हुई थी। आगे महाराज ने बताया कि समकादिक ऋषि नारद को बताते हैं कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से बड़े से बड़ा पापी भी तर जाता है। इस संदर्भ में उन्होंने गोकर्ण और धुंधकारी प्रसंग में बताया कि धुंधकारी महापापी, अत्याचारी, कुटिल, कामी था। मृत्यु के बाद भयंकर प्रेत बना, परंतु उन्हें जब गोकर्ण ने भागवत कथा का श्रवण कराया तो वह दिव्य पुरुष के रूप में स्वर्ग को प्राप्त करता है।

### धूमधाम से निकली कलश यात्रा

चौबे कॉलोनी स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर से बुधवार को सुबह 8 बजे भागवत पुराण के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा चौबे कॉलोनी, समता कॉलोनी का भ्रमण करते हुए श्याम मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में महिलाओं का उत्साह देखने को मिला। रास्तेभर महिलाएं भक्ति में लीन होकर झूमती रहीं। भागवत कथा के यजमान विष्णु गोयल, कन्हैया अग्रवाल और क्षितिज अग्रवाल ने सपत्नीक पूजन किया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, सेंटर युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई की सदस्यों ने श्रीमद् भागवत कथा का पुण्य लाभ लिया।



### ब्रज के कलाकारों की आकर्षक झांकी

मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल, प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास के मार्गदर्शन में कथा के बीच श्रीधाम वृंदावन से आए हुए कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों को ब्रज की सुंदर झांकियों के माध्यम से जीवंत किया। इसके चलते पहले दिन कथा स्थल पर भक्तिमय माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन से जुड़े सभी प्रमुखों ने अहम भूमिका निभाई। श्रीमद् भागवत कथा का अमृत पान श्रद्धालु शाम 4 से 7 बजे तक कर सकते हैं।

## संस्कृत ही संस्कृति की आत्मा, सहेजनें के लिए नशे व मोबाइल से बनाएं दूरी



**रायपुर।** संस्कृत ही संस्कृति की आत्मा है। विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए तकनीकी और आर्थिक विकास के साथ ही सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा, जब युवाओं को आधुनिक दौर में नशे और मोबाइल से दूरी बनाने में सफल होंगे। संस्कृत भारती मध्य क्षेत्र द्वारा 18 मई से 31 मई तक सरोना में आयोजित क्षेत्र प्रशिक्षण वर्ग ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को एक नई दिशा प्रदान की है। यह प्रशिक्षक वर्ग संस्कृत के संवर्धन में एक महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारंभ उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने दीप प्रज्वलन से किया। इसमें पारंपरिक रीति से अतिथियों का स्वागत गमछा और नारियल भेंट करके किया गया। इसमें भरत बैरागी, देवकर असंगदास सहित क्षेत्र के कई संस्कृत प्रेमी शामिल हुए।




### समय आ गया है संस्कृत को पुनः जीवन्त करें

प्रशिक्षण वर्ग में संस्कृत भाषा, साहित्य, बोलचाल एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित विविध सत्रों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत उभरेगा। तब हमें केवल आर्थिक या तकनीकी विकास ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भाषा विरासत को भी पुनर्जीवित करना होगा। संस्कृत हमारी संस्कृति की आत्मा है। विदेशियों ने इसे दबाने का प्रयास किया, लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसे पुनः जीवन्त करें। ऐसे आयोजनों को राज्य शासन का निरंतर सहयोग मिलता रहेगा। संस्कृत भारती ने इस अवसर पर श्री मिश्रा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

## मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर परिचर्चा व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**रायपुर।** ब्लू बर्ड फाउंडेशन की डायरेक्टर सुधा वर्मा और रूफटॉप वेलनेस की संचालिका सोना काले द्वारा संयुक्त रूप से विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस 2025 के अवसर पर एक पैनल चर्चा और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ब्लू बर्ड फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। ब्लू बर्ड फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम का थीम ‘बाधाएं तोड़ना, आवाजों का उत्सव मनाना’ रखा गया है। कार्यक्रम में बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा और छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की पहली महिला पैड निर्माता सुधा वर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य है जागरूकता फैलाना, मासिक धर्म को लेकर संवाद को सामान्य बनाना और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी लड़की अपने शरीर की प्राकृतिक प्रक्रिया को लेकर शर्म महसूस न करे। वहीं, सोना काले ने चर्चा में कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मेन्टल स्वास्थ्य पर चर्चा होनी जरूरी है।

### पैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने लोगों को दिए सुझाव

डॉ. संजना अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. उज्ज्वला वर्मा, डॉ. निमिषा काले, अमानत संस्था के सह-संस्थापक आस्था वर्मा, मां फाउंडेशन के निदेशक स्निग्धा चक्रवर्ती, पुलिस निरीक्षक प्रियंका शर्मा, इस्कॉन प्रचारक कामना बावनकर, छात्रा निधि काले, आत्म-रक्षा प्रशिक्षक हर्षा साहू, सुनीता जड़वानी ने विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस 2025 के अवसर पर हुए पैनल चर्चा में इस विषय पर व्यापक जागरूकता को लेकर अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम के सम्मान समारोह में स्वास्थ्य, शिक्षा, आत्म-निर्भरता और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनके कार्यों को न केवल सामाजिक प्रभाव के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के रूप में सराहा गया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### टेनिस समर कैंप में खेल के गुर सीख रहे प्रशिक्षणार्थी



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा 21 अप्रैल से टेनिस के समर कैंप जारी है। बहुत कम समय में 250 से अधिक खिलाड़ी अपना पंजीयन कराके प्रशिक्षण का का लाभ उठा रहे हैं। वर्तमान में चार सुव्यवस्थित प्रशिक्षण स्लॉट्स में हर दिन 100 से अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों में टेनिस के खेल के प्रति जुनून जगाना और उन्हें एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में कौशल विकसित करने में मदद करना है। प्रशिक्षण कैंप में पूर्व अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी एवं उच्च स्तर के टेनिस कोच के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। सुबह और शाम दोनों समय आयोजित किए जाने वाले इस कैंप को व्यस्त गर्मियों के कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। प्रत्येक सत्र में उच्च गुणवत्ता वाले टेनिस उपकरण जैसे रैकेट, बॉल, कोन और मार्कर उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके अलावा, प्रत्येक सत्र के दौरान एक समर्पित महिला फिजियोथेरेपिस्ट भी मौजूद रहती हैं ताकि सुरक्षा और चोट से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। यह कैंप केवल एक प्रशिक्षण स्थल ही नहीं बल्कि बच्चों के लिए एक सुरक्षित, मजेदार और प्रेरणादायक स्थान साबित हुआ है, जहाँ वे कोर्ट पर और उससे बाहर भी व्यक्तिगत विकास कर सकें।

### नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम रवाना



**रायपुर।** इंदौर में 28 मई से 31 मई तक आयोजित 5वीं फास्ट फाइव एवं दूसरी मिक्स सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ की टीम रवाना हो गई है। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सचिव राजेश राठौर ने बताया की छत्तीसगढ़ की बालकों की टीम में मितांश बजाज (रायपुर),प्रथम यदु (रायपुर), नूतन (जांजगीर), दामोदर (धमतरी), आयुष रात्रे (रायपुर), सत्य सागर साहू (महासमुंद), फरहान (दुर्ग), एसपी शुभम (दुर्ग), कृष्णा (धमतरी), आदित्य यादव (बिलासपुर) अतिरिक्त खिलाड़ी आयुष बाड़ी (सरगुजा) और ऋषि चौहान (जांजगीर), बालिकाओ की टीम में धनेश्वरी (धमतरी), जाह्नवी (धमतरी), कोमल (धमतरी), श्रुति (दुर्ग), नाजिया (दुर्ग), सुषमा नायक (रायपुर), संजना मिंज (सरगुजा), अग्रिमा साहू (जांजगीर), सौम्या खान (महासमुंद), आंचल बंजारे (बिलासपुर), अतिरिक्त खिलाड़ी प्रियांशी (दुर्ग) और विद्या (धमतरी) शामिल हैं।

छत्तीसगढ मिक्स नेटबॉल टीम में नूतन कंवर (जांजगीर-चांपा), अमन ठाकुर (सरगुजा), जितेश कुमार (रायपुर), तोमर (धमतार), इलेश कुमार (बिलासपुर), तिनकेश (दुर्ग), अर्पिता (रायपुर), प्रियांशी (दुर्ग), (धमतरी), नैंसी बिंद (सरगुजा), अग्रिमा साहू (जांजगीर-चांपा), अदिति बंसोड़ (दुर्ग), अतिरिक्त खिलाड़ी प्रथम यदु (रायपुर) और धनेश्वरी (धमतरी) शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ की बालक टीम के कोच निहाल पांडे (जांजगीर-चांपा) हैं। एवं मैनेजर प्रशांत कहरा (जांजगीर-चांपा) हैं। बालिका टीम की कोच पूनम निषाद (धमतरी) को बनाया गया है नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने सभी चयनकर्ताओं को बधाई दी है।

### एशियाई जुजीत्सु चैंपियनशिप में वसुंधरा ने जीता ब्रॉन्ज़ मेडल



**रायपुर।** अम्मान जॉर्डन में 23 से 26 मई तक हुई 9 वी एशियाई जुजीत्सु चैंपियनशिप में भारतीय दल में छत्तीसगढ़ से गई डोंगरगढ़ की फाइटर राणा वसुंधरा सिंह 63 किलोग्राम वजन समूह में तीन इवेंट नवाजा, फाइटिंग सिस्टम, मिक्स डूओ फाइटिंग में भाग लेते हुए क्रमशः वियतनाम, जॉर्डन, कज़ाख़िस्तान और थाईलैंड से फाइट करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। वसुंधरा के प्रशिक्षक एवं पिता राणा अजय सिंह में जानकारी दी कि राणा वसुंधरा सिंह को एशिया में चौथी रैंक प्राप्त हुई है। भारतीय दल का नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर स्वागत होगा। छत्तीसगढ़ से दो खिलाड़ी वसुंधरा सिंह एवं जतिन राहुल इस प्रतियोगिता में शामिल थे।

## महिलाओं में कुछ बीमारियों का खतरा होता है ज्यादा

# गंभीर बीमारियों की चपेट में जल्दी आती हैं महिलाएं बचाव के लिए कम उम्र से ही कीजिए जरूरी उपाय

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, महिलाएं कई गंभीर बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाती हैं, कई बीमारियां ऐसी भी होती हैं जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक देखने को मिलती हैं। यही कारण है डॉक्टर कम उम्र से ही सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर सावधान रहने की सलाह देते हैं। दुनियाभर में जिस तरह से क्रॉनिक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है, इसके चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ा है। स्वस्थ जीवन जीने की चाहत हर किसी की होती है, लेकिन गड़बड़ जीवनशैली, तनाव, खानपान की आदतों और हार्मोनल बदलाव कम उम्र में ही कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, महिलाएं कई गंभीर बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाती हैं, कई बीमारियां ऐसी भी होती हैं जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक देखने को मिलती हैं। यही कारण है डॉक्टर कम उम्र से ही सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर सावधान रहने की सलाह देते हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल में लैंगिक असमानताओं को दूर करने, समग्र कल्याण को बढ़ावा देने, बीमारियों से बचाव को लेकर सावधान और जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 28 मई को अंतरराष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस साल भी बुधवार को दुनिया भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता आ सके।



### आर्थराइटिस की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, वैसे तो बीमारियां किसी को भी और किसी भी उम्र में हो सकती हैं, हालांकि 50 की उम्र के बाद महिलाओं की सेहत कई प्रकार से प्रभावित होने लग जाती है। इसके पीछे कई जैविक, हार्मोनल और जीवनशैली संबंधी कारण जिम्मेदार हो सकते हैं।

यही वजह है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में हृदय रोग, डायबिटीज, आर्थराइटिस, सांस की समस्या और एनीमिया के मामले काफी ज्यादा देखे जाते हैं। शारीरिक गतिविधि की कमी, वजन बढ़ना और अनुचित खानपान के कारण भी आपमें गठिया का जोखिम अधिक हो सकता है।

### महिलाओं में थायरॉइड का जोखिम



अमेरिकन थायरॉइड एसोसिएशन के अनुसार, दुनियाभर में 200 मिलियन (20 करोड़) से अधिक लोग इस विकार का शिकार हैं। थायरॉइड विकार बच्चों से लेकर बुजुर्गों, महिला-पुरुष किसी को भी हो सकता है। हालांकि आंकड़ों से पता चलता है कि महिलाओं को पुरुषों की तुलना में थायरॉइड की समस्याओं का अधिक जोखिम होता है।

पुरुषों की तुलना में महिलाओं में थायरॉइड विकार की आशंका 8 से 10 गुना अधिक होती है। महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन (जैसे प्रेग्नेंसी, पीरियड्स, मेनोपॉज आदि) उन्हें इस विकार के प्रति अधिक संवेदनशील बना देते हैं।

### हृदय रोगों के बढ़ते मामले

हृदय रोग का खतरा भी दुनियाभर में बड़ी संख्या में महिलाओं को प्रभावित करता है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक हर साल लाखों महिलाएं दिल की बीमारियों के कारण जान गंवाती हैं। महिलाओं में बढ़ते हृदय रोग के मामलों के लिए एस्ट्रोजन हार्मोन के असंतुलन को एक बड़ा कारण माना जाता है जिससे रक्त



वाहिकाओं पर असर पड़ता है।

तनाव और अवसाद की समस्या भी महिलाओं में अधिक देखी जाती है, जो हृदय रोग को बढ़ा सकती है। नियमित व्यायाम और ब्लड प्रेशर की जांच, संतुलित आहार के साथ धूम्रपान और शराब से दूरी बनाकर आप हृदय रोगों से बची रह सकती हैं।

कुछ प्रकार के कैंसर के मामले भी महिलाओं को अधिक प्रभावित करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, स्तन कैंसर महिलाओं में सबसे आम कैंसर है। भारत में भी यह कैंसर काफी तेजी से बढ़ रहा है।



# वेट लॉस ही नहीं, इन वजहों से भी जरूरी है बॉडी हाइड्रेशन का ख्याल

अक्सर लोग यह मानते हैं कि वेट लॉस के लिए बॉडी हाइड्रेशन का ख्याल रखना जरूरी है। लेकिन वास्तव में यह आपके शरीर के लिए कई मायनों में आवश्यक है।

पानी शरीर के लिए अमृत से कम नहीं है। लेकिन अक्सर यह देखने में आता है कि जब लोग अपनी वेट लॉस जर्नी पर होते हैं, तभी वे अपने वाटर इनटेक पर फोकस करते हैं। यह सच है कि वजन कम करने में पानी काफी मददगार होता है। लेकिन वास्तव में यह सिर्फ वज़न घटाने के लिए नहीं, बल्कि आपकी ओवर ऑल हेल्थ का ख्याल भी रखता है। पानी की मदद से थकान दूर होती है, पाचन तंत्र ठीक रहता है। यहां तक कि बॉडी हाइड्रेशन का ख्याल रखने से आपकी स्किन भी ग्लो करती है। अमूमन लोग अपनी भागदौड़ भरी जिन्दगी में पानी पीना भूल जाते हैं, जिससे आपकी सेहत पर उल्टा असर पड़ सकता है।

अगर आप यह सोचते हैं कि पानी सिर्फ आपका वजन ही कम नहीं करता है, तो आप यकीनन काफी गलत है। सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी आपको बता रही हैं कि बॉडी हाइड्रेशन आपके लिए क्यों जरूरी है-

### एनर्जी बूस्टर की तरह करता है काम



आपको शायद पता ना हो, लेकिन पानी शरीर के लिए एनर्जी बूस्टर की तरह काम करता है। अगर आपको किसी वजह से थकावट का अहसास हो रहा है तो हो सकता है कि आपका शरीर थोड़ा डिहाइड्रेट हो गया हो। जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो ऐसे में सेल्स स्लो काम करते हैं और व्यक्ति को शरीर में एनर्जी कम महसूस होती है। उस वक्त अगर आप बस 1-2 ग्लास पानी पी लेते हैं तो ऐसे में आपको एकदम से फ्रेश और एक्टिव फील कर सकती हो।

### स्किन में आता है ग्लो

आज के समय में लोग ग्लोइंग स्किन पाने के लिए तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं। लेकिन अगर शरीर में पानी की कमी होती है तो इससे स्किन डल व ड्राई नजर आती है। यही वजह है कि बॉडी हाइड्रेशन से स्किन को काफी लाभ मिलता है। जब शरीर पूरा हाइड्रेटेड होता है, तो स्किन अंदर से हेल्दी बनती है। ऐसे में स्किन ग्लोइंग और यंगर बनती है। महज हर दिन सही मात्रा में पानी पीना आपकी स्किन का सबसे अच्छा साथी साबित हो सकता है।

### पाचन रहता है एकदम फिट

बॉडी हाइड्रेशन का ख्याल रखने से पाचन तंत्र पर काफी अच्छा असर पड़ता है। जब आप सही मात्रा में पानी पीते हैं तो इससे आपको कब्ज की शिकायत नहीं होती है। साथ ही साथ, खाने के डाइजेशन में भी काफी मदद मिलती है। शायद यही वजह है कि सुबह उठते ही सबसे पहले पानी पीने की सलाह दी जाती है।

### सिरदर्द में मिल सकता है आराम



बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि सिरदर्द का एक मुख्य कारण बॉडी डिहाइड्रेशन भी हो सकता है। जब आप सही मात्रा में पानी नहीं पीते हैं तो इससे दिमाग को सही हाइड्रेशन नहीं मिल पाता और ब्लड फ्लो धीमा हो जाता है। ऐसे में व्यक्ति को सिरदर्द की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए, अगर आपको सिरदर्द हो रहा है तो दर्द की गोली लेने से पहले एक गिलास पानी पीकर देखें।

# कांच के कंटेनर से स्टीकर हटाने में आपको भी होती है मुश्किल तो वायरल हैक्स करें ट्राई

आपके घर में भी जब बाहर से नए जार या कोई सामान कांच के जार में आता होगा तो उसपर टैग लगा होता होगा। ऐसे में उस प्रोडक्ट के खत्म हो जाने के बाद हम उसे यूज करने के लिए उसके ऊपर से टैग हटाते हैं, लेकिन यह आसानी से हटता नहीं है। ऐसे में आज हम आपको कांच के जार पर लगे स्टिकर को हटाने के कुछ हैक्स लेकर आए हैं। जिन्हें आप भी आजमाकर देख सकती हैं।



### गर्म पानी में नमक डालें

आप यदि अपने किसी भी कांच के जार से स्टीकर हटाने का सोच रही हैं, तो आप गर्म पानी लेकर उसमें थोड़ा नमक मिक्स करें। इसके बाद आप इसमें कांच का जार डाल दें। जार को करीब 10 मिनट के लिए गर्म पानी में पड़ा रहने दें। फिर आप हाथों की मदद से स्टीकर को धीरे-धीरे रगड़ें। स्टीकर का पेपर पूरा हट जाएगा। ध्यान रहे आपको ज्यादा गर्म पानी में कांच का जार नहीं डालना है। इससे यह फट सकता है।

### हेयर ड्रायर का करें इस्तेमाल

कांच के जार पर लगा स्टीकर हटाने के लिए आप बाल को सुखाने वाला हेयर ड्रायर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको हेयर ड्रायर लेकर स्टीकर पर चलाना है। जब स्टीकर हल्का गर्म हो जाए तो उसे किसी नुकीली चीज से हटाने की कोशिश करें। ध्यान रहे ज्यादा देर तक आपको स्टीकर पर हेयर ड्रायर का यूज नहीं करना है।

### भाप से करें साफ

भाप से भी कांच के जार से स्टीकर हटाया जा सकता है। इसके लिए आपको एक बर्तन में पानी भरकर उसे जैसा पर रखना है। अब उसपर आपको छेद वाली छलनी रखनी है। इस छलनी पर आपको कांच की बोतल स्टीकर की साइड से रखकर ऊपर से किसी प्लेट की मदद से ढक देना है। थोड़ी देर बाद आप प्लेट को हटाएं और चाकू की मदद से स्टीकर को हटाने की कोशिश करें। यहां भी आपको ज्यादा देर के लिए जार को भाप में नहीं रखना है।

### नारियल का तेल

शायद आपको सुनकर अजीब लगेगा कि नारियल के तेल की मदद से भी कांच के जार से स्टीकर को हटाया जा सकता है। इसके लिए आपको हाथों में कोकोनट आयल लेकर स्टीकर पर अच्छी तरह लगाकर छोड़ देना है। थोड़ी देर बाद कागज फूल जाएगा और अब आप उंगलियों की मदद से इसे हटाने की कोशिश करें।

### नेल पेंट रिमूवर

कांच के कंटेनर से स्टीकर हटाने के लिए आपको एक कपड़े में नेल पेंट रिमूवर लेना है। अब आपको उसे स्टीकर पर रगड़ना है।

# गर्मी में घर पर मलाई कुल्फी बनाते समय ये टिप्स बनाएं उसे बेहद टेस्टी



अगर आप घर पर मलाई कुल्फी बना रही है और आप उसके टेस्ट को और भी बेहतर बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।

अगर आप मलाई कुल्फी का वह क्रीमी और ऑथेटिंक टेस्ट पाना चाहती हैं तो ऐसे में आप हमेशा फुल क्रीम दूध का इस्तेमाल करें। दरअसल, इसमें फैट ज़्यादा होता है, जिससे कुल्फी गाढ़ी और मलाईदार बनती है। साथ ही, इससे बर्फ के क्रिस्टल्स नहीं बनते और कुल्फी का टेक्सचर बिल्कुल वैसा आता है, जैसा आना चाहिए।

### दूध को धीमी आंच पर उबालें

मलाई कुल्फी बनाते समय दूध में एक गाढ़ापन होना चाहिए और इसके लिए दूध को धीमी आंच पर उबालना काफी अच्छा रहता है। इससे दूध में एक मिठास और टेस्ट आता है, जिससे कुल्फी को रबड़ी जैसा गाढ़ापन और बेहतरीन टेस्ट भी मिलता है।

### कंडेस्ड मिल्क का करें इस्तेमाल

वैसे घर पर मलाई कुल्फी बनाते समय कंडेस्ड मिल्क का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं है। लेकिन इससे यकीनन कुल्फी का टेस्ट काफी अच्छा आता है। इससे कुल्फी गाढ़ी भी बनती है और टाइम भी बचता है। कंडेस्ड मिल्क से कुल्फी को क्रीमी टेक्सचर, हल्की कारमेल सी मिठास मिलती है। लोग कुल्फी बनाते समय इलायची पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ताज़ी कुटी इलायची की खुशबू पिसी हुई पाउडर से ज़्यादा दमदार होती है। जिससे कुल्फी की खुशबू और टेस्ट दोनों ही बेहतर होते हैं।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मिस इंग्लैंड मिल्ला मैगी के आरोपों में नहीं मिला कोई सबूत, मिस वर्ल्ड की सीईओ ने किया खारिज

मिस इंग्लैंड मिला मैगी ने हैदराबाद में चल रहा पेजेंट छोड़ दिया है। उन्होंने मिस वर्ल्ड के ऑर्गनाइजर्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मैगी ने कहा कि उन पर मिस वर्ल्ड के फाइनेंसर्स से मेलजोल बढ़ाने का दबाव बनाया।



अधिकारी जयेश रंजन ने बताया कि उन्हें इन आरोपों का कोई सबूत नहीं मिला। मिल्ला मैगी ने पारिवारिक कारणों, खासकर अपनी मां की बीमारी के कारण प्रतियोगिता छोड़ दी। उन्होंने ब्रिटिश मीडिया में कहा था कि प्रतियोगिता का माहौल उनकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं था। उनके मुताबिक, प्रतियोगियों को हर समय मेकअप और बॉल गाउन पहनने के लिए कहा जाता था। मिस वर्ल्ड की सीईओ जूलिया मोर्ले ने इन आरोपों को खारिज किया और कहा कि ये झूठे और अपमानजनक हैं। बहरहाल, मिस वर्ल्ड 2025 हैदराबाद में जारी है, फिनाले 31 मई को होगा। आयोजकों ने बताया कि मैगी ने अपनी मां के स्वास्थ्य के कारण प्रतियोगिता छोड़ी और उनकी वापसी की व्यवस्था की गई। इसके बाद, मिस इंग्लैंड की पहली रनर-अप चार्लोट ग्रांट ने उनका स्थान लिया। तेलंगाना में बीआरएस नेता के टी रामा राव ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि ऐसी घटना दुखद है, क्योंकि तेलंगाना में महिलाओं का सम्मान करने की परंपरा है। 24 साल की मिला मैगी 7 मई को हैदराबाद पहुंची थीं। 16 मई को ही मिला मैगी ने पेजेंट बीच में ही छोड़ दिया और यूके लौट गईं। मिस वर्ल्ड के 74 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब इंग्लैंड को रिप्रेजेंट कर रहीं कंटेस्टेंट को अचानक बदला गया। मिला को मिस इंग्लैंड रनर-अप रिप्लेस किया है।

### टॉलीवुड

## कमल ने फजल की जमकर की तारीफ कहा- आप भारत के अहम अभिनेता

कमल हासन ने एक प्रोग्राम में अली फजल की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि वह भारत के अहम अभिनेता हैं। अली फजल जल्द ही साउथ की फिल्म में नजर



आने वाले हैं। कमल हासन साउथ के सुपर स्टार हैं। जल्दी ही उनकी फिल्म 'ठग लाइफ' रिलीज होने वाली है। इसका ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है। फिल्म 'ठग लाइफ' के एक प्रोग्राम में दिग्गज अभिनेता कमल हासन ने बॉलीवुड अभिनेता अली फजल की तारीफ की है। अली फजल जल्द ही साउथ सिनेमा में 'ठग लाइफ' से शुरुआत करने वाले हैं। एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कमल हासन अली फजल को संबोधित करते हुए कहते हैं 'अली आप हैं यहां? स्वागत है। मैंने आपको विशाल जी की फिल्म में देखा है। आप मुझे पसंद आए। मैंने सोचा कि मैं आपके साथ काम करूंगा। शुक्रिया। आप भारत के बहुत अहम अभिनेता हैं। हमारे घर के सिनेमा में आपका स्वागत है।' आपको बता दें अली फजल ने '3 इडियट्स' से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने फुकरे, सोनाली केबल, खामोशियां, हैप्पी भाग जाएगी, खूफिया जैसी फिल्मों में काम किया है। वह जल्द ही मेट्रो इन दिनों, लाहौर 1947 और ठग लाइफ में नजर आने वाले हैं। कमल हासन अभिनेता होने के साथ-साथ निर्देशक और फिल्म निर्माता भी हैं। वह पांच साल की उम्र से सिनेमा की दुनिया में एक्टिव हैं। वह अब तक 230 फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उन्होंने तमिल के अलावा मलयालम, तेलुगू, हिंदी, कन्नड़ और बंगाली भाषा की फिल्मों में काम किया है। कमल हासन ने साल 1960 में कालाथुर कन्नम्मा फिल्म से एक्टिंग की शुरूआत की थी।

### भोजपुरी

## 'सोठउरा खइहे सासुजी' हंसा रही और थोड़ा चिढ़ा भी रही, दर्शकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया

भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों के लिए खुशखबरी! मनोरंजक फिल्म 'सोठउरा खइहे सासुजी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 24 मई को शाम 6



बजे भोजपुरी सिनेमा चैनल पर हुआ। फिल्म 25 मई को सुबह 10 बजे दोबारा प्रसारित की गई। भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों ने इस पर मिश्रित प्रतिक्रिया दी है। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि यह फिल्म एक सामाजिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हास्य और भावना का शानदार मिश्रण देखने को मिल रहा है। फिल्म की कहानी दर्शकों को न केवल हंसा रही बल्कि सामाजिक ताने-बाने पर सोचने के लिए भी मजबूर भी कर रही है। फिल्म का निर्देशन किया है राज किशोर प्रसाद (राजू) ने, जबकि लेखन का कार्य सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा ने किया है।

फिल्म में भोजपुरी सिनेमा के कई चर्चित चेहरे नजर आ रहे हैं। इसमें गौरव झा, ऋचा दीक्षित, अवधेश मिश्रा, देव सिंह, अनीता रावत, निशा सिंह और रोहित सिंह मटरू जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अभिनय किया है। इन कलाकारों की प्रस्तुति फिल्म को और अधिक प्रभावशाली बनाती है। फिल्म को मैडज़ मूवीज़ प्रेजेंट और वर्ल्ड वाइड फ़िल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म का संगीत भी इसकी एक खास विशेषता है। संगीतकार ओम झा के निर्देशन में तैयार किए गए गीतों को प्यारेलाल यादव, सुरेंद्र मिश्रा, धरम हिंदुस्तानी और राकेश निराला ने लिखा है।

### लाइफ स्टाइल

## ताइपे की शान



ताइपे फैशन वीक एसएस ने कई आभासी, इंटरैक्टिव तत्वों के साथ एक पारंपरिक फैशन शो के क्लासिक पहलुओं को एक मंच पर ला दिया। यहां ₹डिजिटल टर्मिनल₹ प्रदर्शनी कुछ खास रही। पारंपरिक फैशन शो और प्रदर्शनियों के विपरीत यहां प्रत्येक डिजाइनर को अपनी रचनात्मकता को उजागर करने भरपूर अवसर मिला।

## चंदन आइस क्यूब से स्किन को मिल सकते हैं कई फायदे, इन तरीकों से करें इस्तेमाल

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है। बहुत अधिक धूप व तेज गर्मी की वजह से आपकी स्किन को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसकी वजह से आप अपनी स्किन को ठंडक पहुंचाना चाहती हैं और इसके लिए चंदन का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। चंदन को आइस क्यूब की तरह स्किन केयर रूटीन में शामिल करके आप अपनी स्किन को काफी हद तक ठंडक पहुंचा सकती हैं।

चंदन आइस क्यूब को बनाना काफी आसान होता है और साथ ही साथ इसे इस्तेमाल करना भी उतना ही आसान होता है। अगर आप बेहद कम समय में अपनी स्किन की केयर करना चाहती हैं तो ऐसे में चंदन आइस क्यूब को इस्तेमाल कर सकती हैं। चंदन आइस क्यूब रेडनेस को कम करने से लेकर से लेकर पोर्स को टाइट करने और चेहरे को एक फ्रेश ग्लो देने में मदद कर सकता है। साथ ही, आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर



सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि आप चंदन आइस क्यूब को किस तरह अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकती हैं-

### चंदन आइस क्यूब्स से स्किन को क्या फायदे मिलते हैं

चंदन आइस क्यूब आपकी स्किन को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। चंदन में नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो गर्मी में जलन या सनबर्न से परेशान स्किन को ठंडक पहुंचाते हैं। आइस क्यूब के ठंडे असर के कारण यह सूजन को और भी तेजी से कम करता है। चंदन के एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया को खत्म करते हैं। आइस क्यूब लगाने से पोर्स भी टाइट होते हैं और सीबम कम बनता है। चंदन से स्किन की रंगत नेचुरल तरीके से सुधरती है। साथ ही, बर्फ की ठंडक से ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है, जिससे चेहरा हेल्दी और ग्लोइंग दिखता है। अगर आप डार्क सर्कल से परेशान है तो ऐसे में चंदन आइस क्यूब का इस्तेमाल करना अच्छा रहता है। चंदन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाने से सूजन कम होती है और डार्क सर्कल धीरे-धीरे हल्के होने लगते हैं। गर्मियों और उमस वाले मौसम में चंदन आइस क्यूब्स ऑयल को बैलेंस में रखते हैं। यही वजह है कि ऑयली स्किन के लिए चंदन आइस क्यूब का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है।

## गर्मी की छुट्टियों में जा रही हैं बीच पर, तो इन आउटफिट्स को अभी से रख लें सूटकेस में

समर वेकेशन लगभग शुरू होने वाले हैं और ऐसे में अधिकतर महिलाएं छुट्टियों में अपने दोस्तों या हस्बैंड के साथ ट्रिप प्लान करती हैं। अगर आप भी इस साल अपने हस्बैंड के साथ बीच पर जाना चाहती हैं और आउटफिट को लेकर परेशान हैं, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको ऐसे ट्रेंडिंग और स्टाइलिश बीच लुक बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपने हस्बैंड के सामने खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं।



### स्टाइलिश बीच लुक

अगर आप अपने हस्बैंड को खुश करना चाहती हैं और अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो आप इस तरह के बीच लुक को भी ट्राई कर सकती हैं। इस खूबसूरत मल्टी कलर प्रिंटेड ड्रेस को पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। इस तरह की ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल सकती है।



### वन शोल्डर बिकनी टॉप और बॉटम

अगर आप भी अपने बीच ट्रिप को यादगार बनाना चाहती हैं, तो अब आप इस खूबसूरत और क्लासी वन शोल्डर बिकनी टॉप और बॉटम बीच लुक को ट्राई कर सकती हैं। इस ड्रेस में आप बेहद खूबसूरत लगेंगी। यही नहीं आपके इस लुक को देखकर आपका हस्बैंड भी आपकी तारीफ करने पर मजबूर हो जाएगा। आप इस तरह की ड्रेस को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### पिंक सॉलिड पीस स्विम कवर उप ड्रेस

यही नहीं आप अपने हस्बैंड के सामने अपनी खूबसूरती का जलवा बिखरने के लिए इस स्टाइलिश पिंक सॉलिड पीस स्विम कवर उप ड्रेस को भी ट्राई कर सकती हैं। यह आपके बीच लुक को गॉर्जियस बनाने में बहुत मदद करेगा।

## फेस शेप के अनुसार खरीदें इयररिंग्स आपको मिलेगा एकदम परफेक्ट लुक

आपको शायद पता ना हो, लेकिन फेस शेप के अनुसार चुने गए सही इयररिंग्स आपके जॉलाइन को उभार सकते हैं, चेहरे की शार्पनेस को सॉफ्ट बना सकते हैं या आपके चेहरे को लंबा और स्लिम दिखा सकते हैं। आपको बता रहे हैं कि आप आपको अपने फेस शेप के अनुसार किस तरह के इयररिंग्स का चयन करना चाहिए-

### राउंड फेस के लिए इयररिंग्स

अगर आपका फेस शेप राउंड है तो आपको ऐसे इयररिंग्स चुनने की कोशिश करनी चाहिए, जिससे आपका चेहरा लंबा और पतला दिखे। ऐसे चेहरे के लिए लंबे झुमके, टीयरड्रॉप डिज़ाइन, वर्टिकल स्टाइल या फिर शार्प या ज्योमेट्रिक डिज़ाइन वाले इयररिंग्स आदि काफी अच्छे माने जाते हैं। चूंकि आपके चेहरे का शेप पहले से ही गोल है, इसलिए आपको राउंड हूप्स, गोल स्टड्स या फिर बहुत मोटे गोल झुमके पहनने से बचना चाहिए। इस तरह के इयररिंग्स आपके चेहरे को और भी मोटा व गोल दिखाएंगे। आप हमेशा ऐसे इयररिंग्स पहनिए, जो जॉलाइन से नीचे तक आते हों,



जिससे आपका चेहरा लंबा लगेगा।

### ओवल फेस के लिए इयररिंग्स

ओवल फेस शेप की खासियत यह होती है कि इस पर अधिकतर इयररिंग्स अच्छे लगते हैं। इसलिए, आपको बहुत अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप स्टड्स से लेकर हूप्स, चांदबाली व टीयरड्रॉप्स या झुमके आदि कुछ भी ट्राई कर सकती हैं। हालांकि, आप बहुत लंबे ईयररिंग्स पहनने से बचें, जो फेस को और लंबा दिखाएं।

## कोकोनट मिल्क का ऐसे करें इस्तेमाल चेहरे की रंगत में दिख सकता है असर

आप घर पर रहकर कोकोनट मिल्क का इस्तेमाल कर अपने चेहरे पर होने वाली परेशानी को कम कर सकती हैं।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि अपने चेहरे को ग्लोइंग और चमकदार बनाने के लिए अगर आप भी परेशान रहती हैं और बाजार के कई महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी कर चुकी हैं, तो अब आप कोकोनट से खास टोनर बना सकती हैं। इसके लिए आप एक स्प्रे बॉटल में कोकोनट मिल्क डाल दें। इसके बाद आप इसमें टी ट्री आयल मिलाकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर दें। अब आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कोकोनट का इस्तेमाल

यही नहीं आप कोकोनट का इस्तेमाल कर चेहरे के लिए फेस पैक भी तैयार करवा सकती हैं। इसे बनाने का तरीका भी बहुत आसान है। सबसे पहले आप एक कंटेनर में चावल का आटा निकाल लें। इसके बाद इसमें कोकोनट मिल्क एड कर दें। अब इन दोनों को



अच्छी तरह मिक्स करने के बाद आप इसमें थोड़ी हल्दी और शहद भी शामिल कर सकती हैं। इस मिश्रण को अच्छी तरह मिक्स करने के बाद आप इसे अपने चेहरे पर 30 मिनट के लिए लगा कर रख सकती हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

जब भी आप इस फेस पैक का इस्तेमाल करें, तो पहले अपने चेहरे को धो लें। उसके बाद ही इसका इस्तेमाल करें। क्योंकि चेहरे पर जमी गंदगी की वजह से स्किन प्रॉब्लम हो सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### सिर्फ कॉटन ही नहीं, दूसरे फैब्रिक भी हैं आपके लिए

## आपकी त्वचा को चाहिए राहत तो अपनाएं स्किन फ्रेंडली फैब्रिक, एलर्जी से भी बचेंगे

संसेटिव स्किन की बात हो या त्वचा की एलर्जी, हर कोई बस सूती कपड़े पहनने की सलाह देता है। मगर क्या कॉटन के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है? सवाल एकदम सही है और इसका सटीक जवाब है- एक नहीं कई ऐसे फैब्रिक हैं जो स्किन फ्रेंडली हैं।खासकर, गर्मी के दिनों में सही फैब्रिक का चुनाव करना होता है। क्योंकि ऐसे मौसम में तेज धूप के कारण जलन, पसीना आदि समस्याएं होती हैं। इसलिए हमें त्वचा का खास ख्याल रखना होता है। अगर आप सही फैब्रिक वाले कपड़े नहीं पहनते हैं तो पसीने के कारण खुजली, त्वचा पर चकते या धब्बे,घमौरियों की दिक्कत और अधिक पसीना निकलने जैसी दिक्कतें होगी।

लेकिन केवल सूती ड्रेस पहनने से बात नहीं बनने वाली है। इसलिए अगर आप कॉटन के कपड़ों के अलावा अन्य फैब्रिक से बने ड्रेस पहनना चाहते हैं तो यहां पर देखें-



### सूती कपड़े हैं सुपर

गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा आरामदायक कॉटन को माना जाता है। हम लंबे समय से सूती कपड़े पहनते आ रहे हैं। इसकी खासियत है कि यह शरीर के तापमान और बाहरी तापमान के बीच संतुलन बनाए रखता है। साथ ही यह पसीने सोखने, शरीर को ठंडक का अहसास कराने जैसेकाम करता है। जिन लोगों को त्वचा संबंधित एलर्जी होती है, उनको सूती कपड़े के ड्रेस पहनने की सलाह दी जाती है। गर्मी में त्वचा से संबंधित कोई समस्या नहीं है तो भी हमें ऐसे कपड़ों को पहनना चाहिए।

### खादी के कपड़े

गर्मियों के लिए खादी भी एक बेहतर फैब्रिक मानी जाती है। पहले खादी अधेड़ उम्र के लोगों की पहचान मानी जाती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से फैशन जगत में इस को लेकर काफी एक्सपेरिमेंट हुए हैं। यह हीट को बीट करने के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आप चाहें तो ट्रेंड के अनुसार खादी से बनी ड्रेसेज पहन सकते हैं। अब आपको खादी के



ड्रेस ऑनलाइन भी मिल जाएंगे। यह इको फ्रेंडली होने के साथ-साथ स्किन फ्रेंडली भी होता है।

### विस्कोस फैब्रिक के कपड़े

विस्कोस फैब्रिक गर्मी के साथ-साथ सर्दियों के लिए अच्छा माना गया है। मगर आप इसको गर्मी में पहनें। क्योंकि यह पसीना आसानी से सोख लेता है, जिससे त्वचा को काफी राहत मिलती है। विस्कोस फैब्रिक के ड्रेसेज काफी ट्रेंडी माने जाते हैं।

### लिनेन के कपड़े

लिनेन के कपड़े देखकर ही कितने हल्के और सुकून देने वाले मालूम होते हैं। मगर ये पहनने में भी उतने ही बेस्ट माने जाते हैं। जानकार बताते हैं, कि खादी और सिल्क को मिक्स करके इसे तैयार किया जाता है। हल्का होने के कारण ये पहनने के बाद बोझिल मालूम नहीं होता है। इसको पहनने पर पसीना भी बहुत कम निकलता है।